# देशबन्धु

वर्ष – 36 । अंक –172 । भोपाल, सोमवार, 23 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



अस्पताल चौकी पर मंडराया खतरा, बाहर बैठकर काम कर रहे पुलिसकर्मी — पृष्ठ 2

गांधीजी की दृष्टि और पश्चिम एशिया का संकट? / ईरान पर हमला करके ट्रंप पूरी दुनिया को धमका रहे हैं — पृष्ठ 4

सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के आरोप, बाहरी मजदूर कर रहे काम — पृष्ठ 5

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 27 को रतलाम में होगी क्षेत्रीय उद्योग और रोजगार समिट — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### ईरान से 311 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंची उड़ान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल के साथ संघर्ष में उलझे ईरान में फंसे लोगों को निकालने के लिए शुरू ऑपरेशन सिंधु के तहत रविवार को 311 भारतीय नागरिकों को लेकर एक और विशेष उड़ान यहां पहुंची। मौजूदा उड़ान के साथ अब तक 1,428 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ऑपरेशन सिंधु जारी है। 22 जून को 16.30 बजे 311 भारतीय नागरिकों को लेकर मशहद से एक विशेष उड़ान नई दिल्ली पहुंची।

### मिस्र के विदेश मंत्री ने अपनी भारत यात्रा की स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी एशिया में बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर, मिस्त्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा स्थगित कर दी है। यह यात्रा सोमवार से शुरू होने वाली थी। इससे पहले, श्री अब्देलती फरवरी में भारत की यात्रा पर आने वाले थे लेकिन कुछ कारणों से उस दौरान भी यात्रा रद्द करनी पड़ी थी। श्री अब्देलती अपने प्रस्तावित नई दिल्ली दौरे के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात करने वाले थे।

### अत्याधुनिक युद्धपोत 'तमाल' नौसेना में होगा शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस में निर्मित अत्याधुनिक बहुउद्देशीय स्टील्थ युद्धपोत आगामी एक जुलाई को भारतीय नौसेना में शामिल हो जाएगा। नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी। नौसेना के अनुसार इस युद्धपोत का निर्माण रूस के तटीय शहर कैलिनिनग्राद में यांतर शिपयार्ड में किया गया है जहां एक समारोह में औपचारिक रूप से इसे नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा। यह युद्धपोत रडार को धोखा देने वाली प्रणाली तथा आधुनिक हथियारों से लैस है। विदेशी सरजमीं से नौसेना में शामिल किया जाने वाला यह आखिरी युद्धपोत है।

### नवीन पटनायक की 'सर्वाइकल अर्थराइटिस' की सर्जरी सफल

**मुंबई, एजेंसी।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख नवीन पटनायक की सर्वाइकल अर्थराइटिस की सर्जरी सफलतापूर्वक हो गई है। वे बेहतर इलाज के लिए मुंबई गए थे और उनका ऑपरेशन सफल रहा है। दरअसल, नवीन पटनायक की सर्जरी मशहूर सर्जन डॉ. रमाकांत पांडा की देखरेख में की गई। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, नवीन पटनायक का ऑपरेशन सफल रहा और वे अगले दो दिनों तक डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे।

### मुर्शिदाबाद में डंपर ने मारी ट्रैक्टर को टक्कर, 5 की मौत

**मुर्शिदाबाद, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक सड़क हादसा सामने आया है, जहां दुर्घटना में पांच तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। मृतकों में चार महिलाएं भी शामिल हैं। मामला मुर्शिदाबाद के कंडी इलाके का है।

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में सवार तीर्थयात्री कंडी से बरहामपुर जा रहे थे, तभी तीर्थयात्रियों से भरा ट्रैक्टर कंडी थाना के गोकर्ण इलाके में एक डंपर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चार महिला तीर्थयात्रियों समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गई। पता चला है कि ट्रैक्टर में 23 तीर्थयात्री सवार थे, जो बाली ग्राम मंदिर के धार्मिक तालाब में स्नान कर लौट रहे थे, तभी एक डंपर के साथ हुई टक्कर में पांच लोगों की जान चली गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस हादसे में ट्रैक्टर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही उन्होंने घायलों को पास के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। पश्चिम बंगाल में इससे पहले भी कई सड़क हादसे सामने आए हैं।

## इजरायल-ईरान युद्ध में अमेरिका भी कूदा

# ईरान के परमाणु ठिकानों पर किया हमला

**वाशिगंटन, एजेंसी।** इजरायल–ईरान युद्ध के बीच में अब अमेरिका सीधे कूद पड़ा है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किया है। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। ट्रम्प ने ईरान पर हमले के 3 घंटे बाद देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है। ट्रम्प ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अब उसे शांति कायम करनी चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे। उधर अमेरिका की इस कार्रवाई से भड़के ईरान ने इजरायल पर हमले तेज कर दिये हैं और तेलअवीव को मुख्य रुप से निशाना बनाया जा रहा है। अमेरिकी हमले को लेकर लगभग पूरी दुनिया ने गहरी चिंता जताई है। चीन और रुस ने इस कार्रवाई का सीधा विरोध किया है।





> हमलों का मकसद ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकना और दुनिया को परमाणु खतरों से बचाना था। यह हमला एक शानदार सैन्य सफलता रहा।
>
> **-डोनाल्ड ट्रम्प**, राष्ट्रपति, अमेरिका

> 'ईरान को अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों के खिलाफ कार्रवाई करने और मुंह तोड़ जवाब देने का पूरा वैध अधिकार है। हमारे सभी विकल्प खुले हैं।
>
> **- अब्बास अराघची, विदेश मंत्री, ईरान**

अमेरिका में जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ चीफ जनरल डैन केन ने कहा कि ईरान में चले ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' था। इसमें 125 से ज्यादा विमान शामिल थे। इसमें 7 स्टील्थ बी-2 बॉम्बर्स शामिल हुए। बी-2 बॉम्बर्स ने इन विमानों ने ईरान की फोर्डो और नतांज परमाणु साइटों पर करीब 1400 किलो के भारी बम गिराए। वहीं, इस्फहान पर टॉमहॉक मिसाइलें दागी गईं। जनरल केन ने बताया कि इस मिशन में धोखे की रणनीति भी अपनाई गई। कुछ बमवर्षक विमानों को प्रशांत महासागर की ओर भेजा गया, ताकि ईरान को लगे कि हमला उधर से होगा, असली हमला दूसरी दिशा से किया गया।

### प्रधानमंत्री मोदी की तत्काल शांति बहाली की अपील

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने मसूद पेजेशकियन के साथ मौजूदा स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और चिंता व्यक्त की। उन्होंने तत्काल तनाव को कम करने के लिए सभी मामलों को कूटनीति के जरिए सुलझाने और क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा बहाल करने की अपील की।

## विश्व समुदाय ने हमलों पर चिंता जताई

मैं आज ईरान के खिलाफ अमेरिका द्वारा बल प्रयोग से बहुत चिंतित हूं। इस कार्रवाई पहले से ही संकटग्रस्त उस क्षेत्र में टकराव में और खतरनाक वृद्धि होगी तथा यह अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक सीधा खतरा है ।

**-एंटोनियो गुटेरेस,** महासचिव, संयुक्त राष्ट्र संघ

किसी स्वतंत्र देश में मिसाइल और बमों से हमला करना का निर्णय लेना गैर-जिम्मेदाराना है। चाहे इसके लिए कुछ भी तर्क दिए जाएं, लेकिन यह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है।

**-विदेश मंत्रालय,** रूस

अमेरिका की कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के उद्देश्यों और सिद्धांतों का उल्लंघन है। इससे मिडिल ईस्ट में तनाव और बढ़ेगा ।

**- विदेश मंत्रालय,** चीन

# पहलगाम हमले के आतंकियों को पनाह देने वाले 2 लोग गिरफ्तार

**जम्मू, देशबन्धु।** पहलगाम आतंकी हमले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 26 लोगों की जान लेने वाले इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को शरण देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि बारामुल्ला पुलिस ने 21 जून को पट्टन इलाके में तलाशी अभियान के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से आपत्तिजनक सामग्री के साथ जिंदा कारतूस बरामद किए।

एनआईए के अनुसार, बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है। उन्होंने यह भी पुष्टि की है कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे। एनआईए ने कहा कि परवेज और बशीर ने हमले से पहले हिल पार्क में एक मौसमी ढोक (झोपड़ी) में तीन सशस्त्र आतंकियों को जानबूझकर शरण दी थी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### सूचना देने वालों को 20 लाख का इनाम

पूछताछ में शामिल लोगों में वे लोग भी शामिल हैं जो बैसरन मैदानों में पर्यटकों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करते थे – खाद्य-स्टॉल मालिक, जिपलाइन ऑपरेटर और टट्टूवाले। सुरक्षा एजेंसियों ने तीन संदिग्धों के स्केच जारी किए थे, जिनकी पहचान अनंतनाग निवासी आदिल हुसैन थोकर और दो पाकिस्तानी नागरिकों – अली भाई उर्फ तल्हा भाई और हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान के रूप में हुई है – जिनके बारे में माना जाता है कि उन्होंने हमला किया था। बाद में विभिन्न स्थानों पर पोस्टर दिखाई दिए, जिसमें हमले के अपराधियों की गिरफ्तारी या उन्हें बेअसर करने में मदद करने वाली सूचना के लिए इनाम की पेशकश की गई। अधिकारियों ने संदिग्धों को पकड़ने में जनता के सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए 20 लाख रुपए का इनाम देने की पेशकश की है, जिसका उद्देश्य चल रही जांच प्रक्रिया में तेजी लाना है।

## मुख्यमंत्री ने बीच रास्ते रुकवाया काफिला

# आम खरीदे और बच्चों को खिलाए, बोले- मन लगाकर पढ़ना



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को सपत्नीक नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी पहुंचे। पचमढ़ी से लौटते वक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बारिआम गांव में सड़क किनारे टोकरी में रखकर आम बेच रहीं महिलाओं और बच्चों को देखकर अपना काफिला रूकवाया। मुख्यमंत्री ने आम बेच रहीं महिलाओं से आत्मीय संवाद किया। पूछा-रोज कितने के आम बेच लेती हो? मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर आम विक्रेता बसंती टेकाम की खुशी का ठिकाना न रहा, उसने बताया कि सर, रोज सुबह से शाम यहां बैठते हैं, तो 4 सौ से 5 सौ रूपए के आम बिक ही जाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पास ही खड़ी बसंती की बेटी को देखकर पूछा- क्या ये बिटिया स्कूल जाती है? महिला ने कहा कि हां सर, सीएम राइज स्कूल में पढ़ती है। मुख्यमंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अरे बिटिया, अब उसका नाम सांदीपनि विद्यालय हो गया है। मुख्यमंत्री ने यहां आम बेच रहीं सभी महिलाओं से आम खरीदे और खुद भुगतान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उनकी धर्मपत्नी सीमा यादव ने महिलाओं से खरीदे हुए आम वहां एकत्रित सभी नन्हे-मुन्ने बच्चों में बांट दिए। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों से भी बाल सुलभ संवाद किया और पूछा क्या नाम है, स्कूल जाते हो? उमेश, साक्षी और रिया ने कहा जी सर। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन सभी बच्चों को रोज स्कूल जाने और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कहीं।

# मध्य पूर्व में बिगड़ते हालात के बीच हवाई क्षेत्र बंद



### चेन्नई लौटा ब्रिटिश एयरवेज का विमान

**चेन्नई, एजेंसी।** अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण मिडिल ईस्ट के एयर स्पेस को अचानक बंद कर दिया गया है, जिसके बाद लंदन जाने वाली ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट को रविवार सुबह चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपातकालीन वापसी करनी पड़ी। फ्लाइट बीए276 चेन्नई से सुबह 6.24 बजे रवाना हुई थी। यह फ्लाइट अपने निर्धारित समय सुबह 5.35 बजे से लगभग एक घंटा पीछे थी। इस फ्लाइट में 247 पैसेंजर्स और 15 क्रू मेंबर्स सवार थे। विमान बेंगलुरु को पार कर अरब सागर के ऊपर से गुजर रहा था। तभी पायलट को तत्काल सूचना मिली कि मिडिल ईस्ट एयरस्पेस के प्रमुख हिस्सों को बंद कर दिया गया है। इसके चलते लंदन के लिए नियोजित उड़ान मार्ग दुर्गम हो गया है। एयरस्पेस बंद करने की खबर कथित तौर पर ईरानी ठिकानों पर रात भर अमेरिकी सैन्य हमलों के बाद आई, जिसके बाद क्षेत्रीय अधिकारियों ने एहतियातन नागरिक उड़ानों को रोक दिया। अलर्ट की सूचना मिलने पर, फ्लाइट क्रू ने तुरंत चेन्नई और लंदन दोनों एयर ट्रैफिक कंट्रोल सेंटर से संपर्क किया। अधिकारियों ने एयरक्राफ्ट को चेन्नई लौटने का निर्देश दिया। विमान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## विमान हादसे के बाद डीजीसीए सख्त

# उड़ान संचालन को लेकर दिशा निर्देशों में किया संशोधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने प्रतिकूल मौसम के दौरान एयरलाइन के लिए अपने परिचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। इनमें इस बात पर बल दिया गया है कि सुरक्षा को 'समय-सारिणी के पालन' से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा पायलटों को अप्रत्याशित परिस्थितियों में उड़ानों का मार्ग बदलने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों को परिचालन परिपत्र जारी करते हुए डीजीसीए ने कहा कि पायलटों को दृश्य संकेतों की उपकरणों से जांच करनी चाहिए, ताकि सटीक दृष्टिकोण और लैंडिंग आकलन सुनिश्चित हो सके, तथा बारिश में या गीली हवाई पट्टी पर रात्रि परिचालन के दौरान होने वाले दृश्य भ्रम से निपटा जा सके। यह सर्कुलर हाल ही में केदारनाथ क्षेत्र में हुई हेलिकॉप्टर दुर्घटनाओं और श्रीनगर जा रही एक इंडिगो फ्लाइट में गंभीर टर्बुलेंस की घटना के बाद आया है। परिचालन संबंधी अनिश्चितता पर जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव का हवाला देते हुए डीजीसीए ने उड़ान चालक दल को अत्यधिक सतर्कता बनाए रखने की सलाह दी है, 'जिसमें समय-सारिणी के पालन पर सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाली इंडिगो फ्लाइट रद्द

**चंडीगढ़, एजेंसी।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद फ्लाइट्स में तकनीकी समस्या की खबरें लगातार सामने आ रही हैं, जिसके चलते रोजाना कई उड़ानों को रद्द करना पड़ रहा है। ताजा मामला इंडिगो की चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाले हवाई जहाज का है, जिसे उड़ान भरने से पहले ही रोक दिया गया। जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 146 को उड़ान भरने से पहले रोक दिया गया। फ्लाइट में लगभग 160 यात्री मौजूद थे। ये फ्लाइट रविवार सुबह 8:30 बजे चंडीगढ़ से लखनऊ के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही इस फ्लाइट को रद्द कर दिया गया।

# लालू बने रहेंगे राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**पटना, देशबन्धु।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने रविवार को मीडिया को जानकारी दी कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी, और 5 जुलाई को चुनाव होगा। दरअसल, यह चुनाव सिर्फ एक औपचारिकता भर लग रहा है, क्योंकि पार्टी के भीतर लालू यादव को फिर से अध्यक्ष बनाए जाने पर सर्वसम्मति है। सिद्दीकी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लालू प्रसाद यादव ही रहेंगे। पूरी पार्टी की इच्छा है कि वही पार्टी का नेतृत्व करें। वह सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। जब उनसे लालू यादव के स्वास्थ्य को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है। काम आज भी लालू के दिशा-निर्देश में हो रहा है और आगे भी होता रहेगा। पार्टी में उनकी भूमिका अहम है, और वह पहले की तरह सक्रिय रहेंगे, उन्होंने स्पष्ट किया। राजद के वरिष्ठ नेता जगदानंद सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर दी जा सकने वाली जिम्मेदारी को लेकर भी सिद्दीकी ने प्रतिक्रिया दी। वहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## चुनाव से पहले राजनीति गर्माई

# लालू बिहार के इकलौते गब्बर सिंह : चौधरी

**पटना, देशबन्धु।** बिहार में करीब 4 महीने बाद विधानसभा का चुनाव होने वाला है। लेकिन इससे पहले बिहार की राजनीति गरमा गई है। अब बिहार की राजनीति में गब्बर सिंह की एंट्री हो गई है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को विलेन बताते हुए कहा कि लालू बिहार के इकलौते गब्बर सिंह हैं। जिसने मुख्यमंत्री रहते बिहार में डर पैदा किया। उनके शासनकाल में हर कोई दहशत में रहता था। जबतक लालू राजनीति में रहेंगे तबतक लोगों को यह डर लगा रहेगा कि कहीं फिर से लालू ना आ जाएं। उन्होंने तेजस्वी यादव को अपने माता-पिता के कार्यकाल के विकास के आंकड़ों पर बहस करने की चुनौती दे डाली। पटना में मीडियासे बातचीत करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू ने अपने शासनकाल में लोगों के बीच डर पैदा करने का काम किया। उनके राज में शाम होने के बाद कोई घर से निकलता नहीं था। लालू-राबड़ी के राज में बिहार के 12 लाख लोगों को पेंशन मिलता था आज यह आंकड़ा एक करोड़ पार हो गया है।

## चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग के बड़े कदम की तैयारी

# बिहार में घर-घर जाकर मतदाता सूची की होगी जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर चुनाव आयोग (ईसीआई) मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर व्यापक सत्यापन अभियान चलाने पर विचार कर रहा है। यह कदम मतदाता सूचियों की स्पष्टता सुनिश्चित करने और फर्जी या अपात्र नामों को हटाने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।

चुनाव आयोग को लंबे समय से विभिन्न नागरिक संगठनों, राजनीतिक दलों और एजेंसियों की ओर से मतदाता सूची में नामों के अनुचित जोड़-घटाव को लेकर चिंता जताई जाती रही है। आयोग ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि केवल वैध और पात्र नागरिकों को ही मतदाता सूची में शामिल करना उसकी प्राथमिकता है।

भारत के संविधान का अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 इस संबंध में मतदाता पंजीकरण की पात्रता और अपात्रता को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार,

- राजनीतिक दल मतदाता सूची को लेकर उठाते रहे हैं सवाल
- हर केंद्र पर मतदाताओं की सीमा 12 सौ की

मतदाता सूची के निरंतर अद्यतन की आवश्यकता कई कारणों से होती है। विवाह, नौकरी, शिक्षा या पारिवारिक कारणों से लोग लगातार एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होते हैं। वर्ष 2024 में ही 46.26 लाख लोगों ने अपने पते में बदलाव किया, 2.32 करोड़ ने सुधार के लिए आवेदन दिया और 33.16 लाख ने पहचान पत्र बदलने का अनुरोध किया। मृतकों के नाम अक्सर परिवारजन द्वारा हटवाए नहीं जाते, जिससे सूची में त्रुटियां बनी रहती हैं। वहीं, 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं का नाम जोड़ना और नाम, फोटो, पता आदि में सुधार करना भी शामिल है।

निर्वाचन आयोग ने हाल ही में प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की सीमा 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी है। साथ ही प्रयास है कि कोई भी मतदाता 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय न करे। विदेशी अवैध प्रवासियों की पहचान और नामों की छंटनी करना भी एक बड़ा टास्क होता है।

चुनाव आयोग ने बताया कि पूरी प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों को दावे, आपत्तियां और अपील दाखिल करने का पूरा अवसर दिया जाता है। फिर भी कुछ दल और समूह आरोप लगाते हैं कि मतदाता सूची में जानबूझकर हेराफेरी की जाती है।

# कड़ी मशक्कत के बाद निकाले गए कोहन नदी में बहे सगे भाइयों के शव, 24 घंटे चला रेस्क्यू

**गुना, देशबन्धु।** बमोरी क्षेत्र में बीते दिनों हुई भारी बारिश ने दो अलग.अलग घटनाओं में तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लियाए जिससे क्षेत्र में शोक का माहौल है। इन दुखद घटनाओं की जानकारी मिलते ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए गुना जिला प्रशासन को पीड़ितों के परिवारजनों को हर संभव मदद दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ट्वीट कर घटना को लेकर दुख भी जताया है। लगभग 24 घंटों की मशक्कत के बाद जिला प्रशासन ने दो सगे भाइयों के शव नदी से बाहर निकाल लिए हैं। जो लगभग 40 घंटों से लापता था। जानकारी के मुताबिक पहली घटना फतेहगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कोहन नदी के पुल पर हुईए जहाँ पानी के अत्यधिक बहाव में एक ट्रैक्टर.ट्रॉली बह गई। इस हादसे में ग्राम निभेरी निवासी सगे भाई करण पुत्र हीरालाल अहिरवार 20 वर्ष और सागर पुत्र हीरा अहिरवार 15 वर्ष लापता हो गए। वहींए एक अन्य घटना ग्राम बरसाती नदी के पुल पर


Office Of JM Scindia
@Officejmscindia
केंद्रीय मंत्री व सांसद श्री @JM_Scindia जी ने गुना में फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में कोहन नदी में हुए हृदयविदारक हादसे में तीन युवाओं की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है।
हादसे की जानकारी मिलते ही श्री सिंधिया जी ने जिला कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल जी से फ़ोन पर चर्चा कर राहत एवं बचाव कार्यों में त्वरित गति लाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि हर आवश्यक संसाधन लगाकर प्रभावितों को शीघ्र सहायता पहुंचाई जाए।
श्री सिंधिया जी ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है।
Translate post

हुईए जहाँ फतेहगढ़ निवासी गोलू पुत्र विलास घेंघट 30 वर्ष पानी के तेज बहाव में बह गए। गोलू के शव को शनिवार को ही बाहर निकाल लिया गया था। लेकिन दो सगे भाइयों के पानी के बहाव में बह जाने की सूचना मिलने पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तुरंत जिला प्रशासन को निर्देश और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के लिए कहा। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने 24 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार सुबह करण और सागर के शव बरामद कर लिए हैं। इससे पहले इन हृदय विदारक घटनाओं की जानकारी जैसे ही भाजपा नेता एवं गुना जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह किरार को मिलीए उन्होंने तत्काल केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को सूचित किया। श्री सिंधिया ने बिना किसी देरी के गुना जिला प्रशासन को पीड़ितों के परिवारों को हर संभव मदद मुहैया कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। यह श्री सिंधिया की संवेदनशीलता और जनहितैषी कार्यशैली को दर्शाता है कि उन्होंने तुरंत ही प्रभावित परिवारों के लिए सहायता सुनिश्चित की।

### मौके पर पहुंचे कलेक्टर, एसपी और भाजपा नेता

घटनास्थल पर गुना कलेक्टर किशोर कन्यालए एसपी अंकित सोनीए भाजपा नेता महेंद्र सिंह किरारए फतेहगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम यादवए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुरए एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पांडेयए होमगार्ड कमांडेंट आरण्केण् पाथरोलए तहसीलदार बमोरी देवदत्त गोलिया और सीईओ बमोरी पुष्पेंद्र व्यास सहित पुलिसए होमगार्ड और राजस्व विभाग का अमला मौजूद रहा। जिला पंचायत सदस्य किरार ने उपस्थित ग्रामीणजनों को केंद्रीय मंत्री सिंधिया के निर्देशों से अवगत कराते हुए बताया कि जिला प्रशासन के माध्यम से पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर श्री कन्याल ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया और तत्काल एसडीओ पीडब्ल्यूडी को पुल पर बैरिकेडिंग करने तथा दोनों ओर रेलिंग लगाने के निर्देश दिए। साथ हीए उन्होंने सीईओ जनपद बमोरी और थाना प्रभारी को बारिश के मौसम में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए पुल के दोनों सिरों पर पुलिसकर्मी और ग्राम पंचायत के चौकीदारों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## दिवंगत राजा को रघुवंशी समाज ने दी श्रद्धांजलि

**गुना, देशबन्धु।** पति के साथ शिलॉन्ग घूमने गए इंदौर निवासी राजा रघुवंशी हत्याकांड को एक महीना पूरा हो चुका हैए इस मामले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। गुना में भी रघुवंशी समाज इस हत्याकांड से दुखी और आहत नजर आ रहा है। इसी के चलते शनिवार शाम को गुना में स्वर्गीय राजा रघुवंशी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह श्रद्धांजलि सी.सी.आई. पार्क, आंबेडकर चौराहा गुना में युवा संघ रघुवंशी समाज गुना द्वारा आयोजित की गई थी। इस अवसर पर आकाश रघुवंशी, कान्हा रघुवंशी, शिवम रघुवंशीए अंशुल रघुवंशी, आशीष रघुवंशी ;पिंटूद्ध, हर्ष रघुवंशी, निखिल रघुवंशी, नितिन रघुवंशी, अमित रघुवंशी, राम रघुवंशी, साहिल रघुवंशी, हरिओम रघुवंशी, अंकित रघुवंशी, शेखर रघुवंशी, तरुण रघुवंशी, सुनील रघुवंशी, राज रघुवंशी, हर्षित रघुवंशी और समस्त रघुवंशी युवा संघ के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने राजा रघुवंशी को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



### कभी भी धराशायी हो सकती है जर्जर इमारत

## अस्पताल चौकी पर मंडराया खतरा, बाहर बैठकर काम कर रहे पुलिसकर्मी

**गुना, देशबन्धु।** जिला अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। 8 जून 2005 को कलेक्टर नीतेश व्यास और पुलिस अधीक्षक डीपी गुप्ता द्वारा लोकार्पित यह चौकीए जो असल में अस्पताल के पुराने टीबी वार्ड का एक हिस्सा थीए अब पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। चारों ओर से पानी का रिसाव हो रहा हैए और बारिश के दिनों में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दरवाजे पर पानी के बीच कुर्सी लगाकर बैठना पड़ता है। उन्हें हर पल यह डर सता रहा है कि कहीं लक्ष्मीगंज जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो जाए और छत भरभरा कर गिर जाए।




चौकी को स्थापित हुए भले ही 20 वर्ष हो चुके हैंए लेकिन जिस कमरे में यह चल रही हैए वह उससे भी कहीं अधिक पुराना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कमरा अस्पताल के पुराने टीबी वार्ड का हिस्सा थाए जिसे बाद में पुलिस चौकी में बदल दिया गया। इसकी खस्ताहालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह कभी भी धराशाई हो सकती हैए जिससे कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसकेए अस्पताल प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पुलिसकर्मी जान जोखिम में डालकर अपनी ड्यूटी करने को मजबूर हैं। इस जर्जर चौकी की मरम्मत या स्थानांतरण की तत्काल आवश्यकता है ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके और पुलिसकर्मियों को सुरक्षित माहौल में काम करने का अवसर मिल सके।

## तेज बारिश में ढहा मकान का छज्जा, स्कूटी क्षतिग्रस्त

**गुना, देशबन्धु।** गुना हो रही लगातार बारिश से जर्जर मकानों के धराशायी होने से कई हादसे सामने आ रहे हैं। इसी दौरान शनिवार देर शाम हुई तेज बारिश के कारण भुल्लनपुरा निवासी लक्ष्मीनारायण के मकान का छज्जा ढह गया।

जानकारी के मुताबिक इस इस हादसे में पड़ोसी किशन सिंह यादव की गैलरी और एक स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गईए जिससे करीब 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। किशन सिंह यादव ने बताया कि उनके पड़ोसी के मकान की दीवार काफी जर्जर थी और उसके गिरने की आशंका पहले से थी। शनिवार को अचानक छज्जा और दीवार गिरने से उनकी गैलरी और स्कूटी चपेट में आ गईं। पीड़ित ने बताया कि जिस जगह यह हादसा हुआए वहां से एक बालक घटना से ठीक एक मिनट पहले ही गुजरा था। गनीमत रही कि यह दुर्घटना कुछ देर बाद हुईए जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और बालक सुरक्षित रहा।



# एसयूसीआई ने साम्राज्यवादी युद्धों के खिलाफ प्रदर्शन किया



**गुना, देशबन्धु।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) की गुना जिला कमेटी ने रविवार को जयस्तंभ चौराहा पर दुनिया भर में जारी साम्राज्यवादी युद्धों के खिलाफ और मानव जाति को बचाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

पार्टी के सदस्य लोकेश शर्मा ने कहाए हम दुनिया भर में जारी तमाम युद्धों के खिलाफहैं। हाल ही में अमेरिका–इजरायल साम्राज्यवाद द्वारा ईरान पर किए गए बर्बर सैन्य हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। यह हमला सभी अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन हैए जिसने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की चेतावनियों और दुनियाभर के शांतिप्रिय जनमत की भी अनदेखी की है। जिला सचिव मनीष श्रीवास्तव ने मौजूदा युद्धों को पूंजीवादीध्साम्राज्यवादी देशों की अर्थव्यवस्थाओं को चलाने का एक तरीका बताया। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट)ने मांग की है कि दुनिया भर में साम्राज्यवादियों द्वारा किए जा रहे सैन्य हमलों को तुरंत रोका जाए। पार्टी के अनुसारए ये हमले पूरी मानवजाति पर हमले हैं और विश्व शांति के खिलाफ हैं। पार्टी ने दुनिया के सभी शांतिप्रिय और जनवाद पसंद लोगों से एकजुट होने और अमेरिकी.इजरायली साम्राज्यवादी दरिंदों के इस जघन्य युद्ध के खिलाफविरोध की आवाज बुलंद करने की अपील की। प्रदर्शन का संचालन मनोज रजक ने किया।

## मौके पर पहुंचे कलेक्टर एसपी और भाजपा नेता

गुना, देशबन्धु। कलेक्टर किशोर कन्यालए एसपी अंकित सोनीए भाजपा नेता महेंद्र सिंह किरारए फतेहगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम यादवए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुरए एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पांडेयए होमगार्ड कमांडेंट आरण्केण् पाथरोलए तहसीलदार बमोरी देवदत्त गोलिया और सीईओ बमोरी पुष्पेंद्र व्यास सहित पुलिसए होमगार्ड और राजस्व विभाग का अमला मौजूद रहा। जिला पंचायत सदस्य किरार ने उपस्थित ग्रामीणजनों को केंद्रीय मंत्री सिंधिया के निर्देशों से अवगत कराते हुए बताया कि जिला प्रशासन के माध्यम से पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। कलेक्टर श्री कन्याल ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया और तत्काल एसडीओ पीडब्ल्यूडी को पुल पर बैरिकेडिंग करने तथा दोनों ओर रेलिंग लगाने के निर्देश दिए।

## आरोन पुलिस ने 50 हजार के गांजे के साथ पकड़े 2 आरोपी

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया और उनकी टीम ने हाल ही में थाना क्षेत्र से अवैध मादक पदार्थ गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ हीए उसे गांजा उपलब्ध कराने वाले को भी मामले में नामजद किया गया है।

हाल ही में आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम बारोद की ओर से बाबा के वेश में एक व्यक्ति के थैले में गांजा लेकर पनबाड़ी हाट की ओर आने की सूचना मिली थी। पनवाड़ी हाट चौकी से पुलिस की एक टीम तुरंत बारोद रोड की ओर रवाना हुई और संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की। सराई तिराहे के पास पुलिस को मुखबिर द्वारा बताए हुलिए का एक व्यक्ति अपने हाथ में थैला लेकर चलता हुआ दिखा। पुलिस ने उसे रोककर नाम.पता पूछा तो उसने अपना नाम घनश्यामदास पुत्र भूरा अहिरवार ;उम्र 65 सालए निवासी ग्राम




नेवए हाल पनवाड़ी हाटए थाना आरोनए जिला गुनाद्ध बताया। उसके पास रहे थैले की जांच करने पर कुल 2ण्570 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजाए जिसकी कीमत 50 हजार रुपये हैए बरामद हुआ। पुलिस ने गांजे को विधिवत जब्त कर आरोपी घनश्यामदास अहिरवार को गिरफ्तार किया। जब उससे बरामद गांजे के बारे में पूछा गयाए तो उसने बताया कि उसने यह गांजा ग्राम बारोद निवासी रामसिंह पुत्र बुंदेल सिंह रघुवंशी से खरीदा था और इसे फुटकर में बेचने के लिए लेकर आ रहा था। इस पर गांजा क्रय.विक्रय में शामिल दोनों आरोपियों के खिलाफ आरोन थाने में अपराध क्रमांक 304ध्25 धारा 8ध्20ए 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### अपने आपको डिफॉल्टर गैंग का बता रहा था सदस्य

## अड़ीबाजी कर पैसे मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**गुना, देशबन्धु।** एसपी अंकित सोनी के निर्देशानुसारए गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराधों और अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी राघोगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में आरोन थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया और उनकी टीम ने आरोन में एक युवक से अड़ीबाजी कर अवैध रूप से पैसे मांगने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार 16 जून 2025 को फरियादी राजमल पुत्र भगवान सिंह अहिरवार ;निवासी ग्राम मोहटीए थाना उनारसी कलांए जिला विदिशाद्ध ने आरोन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि वह 16 जून 2025 को अपनी बहन को परीक्षा दिलाने के लिए आरोन कॉलेज आया था। वह कॉलेज के बाहर एक मैदान में बैठकर परीक्षा खत्म होने का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान उसके पास अज्जू उर्फ अजय अहिरवार ;निवासी ग्राम देवरीद्ध आया और उससे पार्टी करने के लिए 1000 रुपये मांगे। जब फरियादी ने पैसे देने से मना कियाए तो अजय अहिरवार ने कहा कि अगर बहन को आरोन में परीक्षा दिलानी है तो उन्हें इसका टैक्स देना होगाए क्योंकि वह डिफाल्टर गैंग का सदस्य है। इसके बाद अजय अहिरवार ने फरियादी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लिया और आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी। इसके लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और आरोपी की तलाश में सघन दबिशें दी गईं। जिसके परिणामस्वरूपए बीती रात आरोपी के संबंध में मुखबिर से मिली सूचना पर आरोन थाना पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी अज्जू उर्फअजय पुत्र करण सिंह अहिरवार ;उम्र 20 सालए निवासी ग्राम देवरीए थाना आरोनए जिला गुनाद्ध को गिरफ्तार कर लिया। उसे आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गयाए जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

# विहिप का 2 दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न



गुना। विश्व हिंदू परिषद ;विहिपद्ध का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग गुना की सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशालाए नजूल कॉलोनी में सफलतापूर्वक संपन्न हो गयाण् इस वर्ग का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और कार्यकर्ताओं को आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना था। वर्ग के उद्घाटन सत्र में प्रांत सहमंत्री मलखान सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कियाए जिससे उन्हें संगठन के उद्देश्यों और कार्यों को समझने में मदद मिलीण् दूसरे दिन के बौद्धिक सत्र में बजरंग दल के प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने भी अपने विचार साझा किए और कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। विभाग मंत्री सुरेश शर्मा ने इस अवसर पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को संस्कारवान बनने पर जोर दियाण् उन्होंने परिवार में बढ़ते विखंडन पर चिंता व्यक्त करते हुए इस बारे में विस्तार से बतायाण् सुरेश शर्मा ने माता.पिता से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों में अच्छे संस्कार डालें ताकि वे लव जिहाद जैसे षड्यंत्रों का शिकार न होंण् उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हिंदू समाज के जागरण और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रत्येक ग्राम इकाई तक साप्ताहिक सत्संग अनिवार्य है। इस अभ्यास वर्ग में मंचासीन पदाधिकारियों में विभाग सह मंत्री दिलीप सिंह कुशवाहए विभाग संयोजक वेदराम लोधीए वीरेंद्र तिवारीए अनूप कौशिकए जिला अध्यक्ष इमारत सिंह सोलंकीए जिला मंत्री राकेश शर्माए जिला सह मंत्री रामप्रसाद शर्माए जिला कोषाध्यक्ष नितिन जाटए भूपेंद्र कुशवाहए जिला संयोजक सुनील शर्माए सौरव रजकए जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ओझाए जिला गौरक्षा प्रमुख राजेंद्र कुशवाहए मनीष रघुवंशीए विक्रम बोहरेए वीरेंद्र भार्गव सहित सभी प्रखंडों के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा का योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**गुना, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कैंटए विवेक कॉलोनी में एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पतंजलि परिवार के कुशल योग गुरुओं ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योग मुद्राएं सिखाईं और योगाभ्यास करवाया। योग कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं योग के जिला प्रभारी रविंद्र रघुवंशी (टल्लू) प्रदेश कार्य समिति सदस्य नीरज निगम, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैनए जिला योग दिवस समिति सदस्य ओमप्रकाश नरवरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता बारेलाल धाकड़, रामबाबू राठौरए पप्पू चौधरी, मातादीन धनवारिया, नरेंद्र बढ़कुल, भानु तोमर, और दिनेश ओझा प्रमुख रूप से शामिल थे। कैंट मंडल योग समिति के संयोजक राजेंद्र सिकरवार और सह.संयोजक अरविंद धाकरे ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिला मोर्चा की बहनों और कैंट मंडल के समस्त सहयोगियों सहित मंडल पदाधिकारी और सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक इस योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने योग के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों पर जोर दिया गया।

## वार्ड 26 और 28 में बदहाली, जीनघर और घोसीपुरा में लोग हो रहे परेशान

**गुना, देशबन्धु।** शहर के वार्ड क्रमांक 26 और 28 में इन दिनों स्थानीय निवासियों को गंदगी और जर्जर सड़कों से जूझना पड़ रहा हैए लेकिन नगर पालिका का ध्यान इस ओर नहीं गया है। शहर के बिल्कुल मध्यए जय स्तंभ चौराहे के करीब स्थित श्जीन घरश् इलाके में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। यहां की सड़कें पूरी तरह उखड़ चुकी हैंए जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। हालांकिए कई लोग इन घरों को छोड़कर दूसरी जगह रहने चले गए हैंए लेकिन इन परिसरों में अभी भी दुकानें चल रही हैंए जहां लोगों का काफी आवागमन रहता है। इसके बावजूदए नगर पालिका ने इस क्षेत्र की सुध लेना उचित नहीं समझा हैए जिससे स्थानीय दुकानदार और ग्राहक खासे परेशान हैं। वहींए वार्ड क्रमांक 28 स्थित घोसीपुरा के मोती मंदिर के पास भी गंदगी को लेकर हालात बेहद खराब हैं। बताया जा रहा है कि यहां के स्थानीय निवासी खुद ही नालियों की सफाई करने को मजबूर हैं। मोती महाराज मंदिर के पास नालियां चोक हो रही हैं और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।



वार्ड वासियों का कहना है कि सफाईकर्मी नालियों से कचरा नहीं उठा रहे हैंए जिसके कारण नालियां लगातार चोक हो रही हैं और गंदा पानी सड़कों पर आ रहा है। गंदगी से परेशान होकर उन्हें खुद ही सफाई करनी पड़ रही है। लोगों का यह भी आरोप है कि सफाईकर्मी मंदिर के अंदर तक पहुंचते ही नहींए जिससे वहां के श्रद्धालु और निवासी काफी परेशानी झेल रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका से जल्द से जल्द इन समस्याओं पर ध्यान देने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### सुधासागरजी के सानिध्य में राघौगढ़ में पंचकल्याण

# गुना बनेगा अध्यात्म की नगरी, 3 से 5 जुलाई तक 12 पिच्छीधारी मुनियों का होगा पदार्पण

**गुना, देशबन्धु।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के गृहस्थ जीवन के भाई तथा प्रथम जेष्ठ और श्रेष्ठ निर्यापक मुनिश्री योगसागर जी महाराज का आगामी संभावित चातुर्मास गुना नगर में संपन्न होगा। यह समाचार जैसे ही जैन समाज को प्राप्त हुआए समाज में हर्ष और श्रद्धा की लहर दौड़ गई। यह चातुर्मास न केवल गुना नगर बल्कि समूचे जिले के लिए एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक अवसर बनने जा रहा है। गौरतलब है कि मुनिश्री योगसागरजी ससंघ 12 पिच्छीधारी साधुजनों के साथ इस बार गुना नगर में चातुर्मास करने के लिए पैदल विहार गुना के लिए कर रहे हैं। उनके नरयावली ;जिला सागरद्ध में दर्शनार्थ पहुंची सकल दिगंबर जैन समाज गुना की प्रबंधकारिणी समिति ने गुना चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट किया। समिति के अध्यक्ष संजय जैन कामिनी और महामंत्री अनिल जैन अंकल ने बताया कि संभवतरू 3 से 5 जुलाई के बीच मुनिश्री ससंघ का मंगल प्रवेश गुना नगर में होगाए जिसकी तैयारियां पूरे उत्साह और भव्यता से की जा रही हैं। रविवार को जरूआखेड़ा में आहार चर्या के उपरांत सोमवार को मुनिश्री ससंघ का प्रवेश धार्मिक नगरी खुरई में होगाए जहां गुना गौरव मुनिश्री निष्काम सागरजी और निष्पक्ष सागरजी महाराज उनकी अगवानी करेंगे। यह यात्रा लगातार पैदल विहार के रूप में चल रही हैए जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु जुडक़र पुण्य लाभ ले रहे हैं।

इसी क्रम में रविवार को जैन समाज के सैकड़ों लोग मुनि पुंगव सुधासागरजी महाराज के जिनोदय तीर्थ सिरोंज में दर्शन करने पहुंचे। वहां मुनिश्री को योगसागरजी महाराज के गुना में चातुर्मास की जानकारी दी गईए जिसे सुनकर उन्होंने प्रसन्नता से आशीर्वाद प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि 1988 में योगसागरजी का गुना में चातुर्मास प्रस्तावित थाए पर किन्हीं कारणोंवश वह नहीं हो सका था। अब 37 वर्षों बाद उनका गुना आगमन सुनिश्चित हो रहा हैए यह पूरे समाज के लिए हर्ष का विषय है। संत परंपरा के अनुसार जैन मुनिराज अपने चातुर्मास स्थल की पूर्व घोषणा नहीं करतेए परंतु संकेतों से यह भी संभावना जताई जा रही है कि मुनि पुंगव सुधा सागरजी महाराज का चातुर्मास भी गुना जिला या निकटवर्ती अशोकनगर में हो सकता है। वर्तमान में उनका विहार राघौगढ़ की ओर चल रहा हैए जहां 27 जून से 3 जुलाई तक पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। मुनिश्री विशद सागरजी के सान्निध्य में इसकी तैयारियां जोरशोर से जारी हैं। इस बार गुना जिले को एक साथ दो महान संतों का सान्निध्य मिलना निश्चित रूप से सौभाग्य का क्षण है। जहां एक ओर योगसागरजी का चातुर्मास आ रहा हैए वहीं दूसरी ओर सुधा सागरजी के भी आने की संभावना को लेकर समाज में आशा और उत्साह बना हुआ है। जैन समाज के वरिष्ठजनों का मानना है कि इस बार का चातुर्मास धार्मिकए सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बेहद विशेष होगा। मुनियों के प्रवचनोंए स्वाध्यायए तपश्चर्याए संयमए और आत्म साधना के वातावरण में नगर एक बार फिर अध्यात्ममय हो जाएगा। नगर के नागरिक भी जैन समाज के साथ इस पुण्य आयोजन में भागीदारी निभाने को तत्पर हैं। बहरहाल गुना नगर के धार्मिक इतिहास में यह चातुर्मास स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगाए जिसमें न केवल जैन समाज बल्कि समस्त नगरवासियों को आत्मिक लाभ प्राप्त होगा।

# कार पलटी, नाबालिग चालक सहित 2 की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** विमानतल मार्ग पर दाता कॉलोनी के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अचानक मार्ग विभाजक पर चढ़ गई और पलटकर सड़क की दूसरी ओर जा गिरी। इस हादसे में कार चला रहे किशोर और उसके एक दोस्त की मौत हो गई, जबकि एक दोस्त की की हालत भी गंभीर बनी हुई है। बताया गया है कि कार पलटने के बाद एक लोडिंग ऑटो से भी टकराई थी, जिससे ऑटो चालक को भी चोट आई।

कोहेफिजा थाना प्रभारी केजी शुक्ला ने बताया कि दानिश पिता जहीर खान उम्र 17 वर्ष करोद स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहता था। वह अपने दो दोस्तों के साथ परवलिया रोड पर एक ढाबे पर गया था। लौटते वक्त दोपहर करीब एक बजे गुलमोहर गार्डन के पास उसकी कार अनियंत्रित होकर मार्ग विभाजक से टकरा गई। इसके साथ ही मार्ग विभाजक पर लगे सीमेंट के गमलों से टकराकर कार पलट गई और सड़क के दूसरी ओर जा गिरी। इसी दौरान वह सामने से आ रहे लोडिंग ऑटो से भी टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस-एम्बुलेंस को सूचना दी। इसके बाद मोके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि कार में तीन लोग फंसे हुए थे, जिन्हें निकालने में करीब एक घंटा लग गया इनमे से कार चला रहा दानिश और एक अन्य युवक अगली सीट और डेशबोर्ड के बीच फंसे थे। इन्हे गेट तोड़कर बाहर निकाला गया और फिर सभी को अस्पताल पहुँचाया गया। यंहा चिकित्स्कों ने जाँच के बाद दानिश को मृत घोषित कर दिया गया। वहीँ हानि महमूद उम्र 26 वर्ष ने शाम को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि फेज खान उम्र 23 वर्ष की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि नाबालिग को गाड़ी किसने दी और गाड़ी किसके नाम पर है। बताया गया है कि मृतक कार चालक दानिश के पिता जहीर खान नगर निगम की जलकार्य शाखा में अभियंता है।

# वक्फ का आरोप- कांग्रेस नेता कब्रिस्तान पर बना रहे गौशाला

**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार क्षेत्र के अकबरपुर बंजारी में कब्रिस्तान की जमीन पर गौशाला बनाई जा रही है। कब्रिस्तान की देख रेख करने वाले शेख मतीन ने शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि इस जमीन पर वक्फ बोर्ड का पंजीकृत कब्रिस्तान है, जिस पर कांग्रेस नेता अश्विनी श्रीवास्तव कब्जा कर गौशाला बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

मतीन का कहना है कि 21 जून की शाम को बड़ी संख्या में लोग कब्रिस्तान परिसर में पहुंचे और टेंट लगाना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने कोलार थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया कि यह जमीन जिला खसरा नंबर 112 के तहत आती है, जो वक्फ बोर्ड की संपत्ति के रूप में पंजीकृत है। वक्फ बोर्ड रजिस्ट्रेशन क्रमांक-766 के अनुसार, यह जगह एक मान्यता प्राप्त कब्रिस्तान है और मध्यप्रदेश शासन के राजपत्र में भी इसका जिक्र है। शिकायत में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अश्विनी श्रीवास्तव और राम यादव कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर गौशाला निर्माण करा रहे कराया खास बात ये है कि मतीन की शिकायत के बाबजूद रविवार सुबह कांग्रेस नेता अश्विनी श्रीवास्तव ने हुजूर से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा सेयहां गौशाला का भूमिपूजन करा दिया। इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता अश्विनी श्रीवास्तव को फोन कर सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका।

### भाजपा विधायक से कराया भूमिपूजन



### शिकायत आई थी, जांच कर रहे- थाना प्रभारी

इस मामले में कोलार थाना प्रभारी संजय सोनी ने कहा कि कल हमारे पास इस तरह की शिकायत आई थी। हमने आवेदन को तुरंत ही तहसील कार्यालय भिजवा दिया है, वहां से जवाब आने के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकेगा।

### रिकॉर्ड देखकर प्रशासन से बात करेंगे- वक्फ अध्यक्ष

मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सनवर पटेल ने कहा कि हमें इस मामले की जानकारी मिली है। हम अपने रिकॉर्ड को देखकर प्रशासन से बात करेंगे।

### कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं - विधायक

भूमिपूजन में पहुंचे भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता अश्विनी श्रीवास्तव मेरे पास आए थे और उन्होंने कहा कि उन्हें यह जमीन आवंटित हुई है। वे यहां निःशुल्क गौशाला बनाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि यह काम पूरी तरह सेवा भाव से प्रेरित है। मुझे लगा कि यह पुण्य का काम है, इसलिए मैं भूमिपूजन में शामिल हुआ। इसमें कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है।

### ... तो उच्च न्यायालय जाएंगे - शमशुल

ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कब्रिस्तान की जमीन पर इस तरह के निर्माण से मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। यह एक खतरनाक परंपरा की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह जमीन धार्मिक स्थल के रूप में दर्ज है। अगर प्रशासन ने इस पर तुरंत रोक नहीं लगाई तो हम उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेंगे।

# महिला को तंत्र-मंत्र का डर दिखाकर 40 लाख ठगे, 3 गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में तंत्र-मंत्र और झाड़ फूंक का डर दिखाकर एक महिला से 40 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने क्राइम ब्रांच ने मुख्य आरोपी सहित उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनसे लाखों की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात भी जब्त कर लिए गए हैं। वहीँ गिरोह के 2 अन्य आरोपी अब भी फरार हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी अंकित सिंह ने खुद को एक प्रभावशाली तांत्रिक बताकर महिला को झांसे में लिया। उसने महिला को उसके परिवार की जान का खतरा बताया और कहा कि झाड़-फूंक और विशेष पूजा कराने से ही संकट टलेगा। पूजा न कराने की स्थिति में माता-पिता और भाई की मृत्यु हो जाने का भय दिखाकर उसने 20 लाख रुपए नकद और 20 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर हड़प लिए थे। महिला को ठगे जाने का अहसास होने पर उसने थाना क्राइम ब्रांच को लिखित शिकायत की थी, जिसकी जांच के बाद मामला दर्ज किया। इसके बाद आरोपी अंकित सिंह को अशोका गार्डन क्षेत्र से दबोचा गया। पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल किया और बताया कि ठगी के जेवरात उसने अपने मकान मालिक सनी अवस्थी की मदद से गिरवी रखवा दिए हैं। अंकित की निशानदेही पर पुलिस ने उसके मकान मालिक सनी अवस्थी को भी गिरफ्तार किया। सनी ने बताया कि उसने अंकित के कहने पर सोने के जेवरात आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और आईआईएफएल गोल्ड लोन में गिरवी रखवाए थे। पुलिस ने दोनों बैंकों से जेवरात और गिरवी रसीदें जब्त कर लीं। इसके साथ ही सनी के घर से भी कुछ जेवरात और दस्तावेज मिले।

### गुजरात से पकड़ाया आरोपी मामा

वही अंकित सिंह के मामा मोहित सिंह को गुजरात के कच्छ जिले के मांडवी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसने स्वीकार किया है कि अंकित ने उसे 5 लाख 40 हजार रुपए नकद दिए थे। अलग-अलग तारीखों में 3 लाख 60 हजार रुपए उसके खाते में फोन पे के जरिए भी भेजे थे। पुलिस ने इन लेन-देन के सबूत भी जब्त कर लिए हैं। मुख्य आरोपी अंकित सिंह ने यह भी बताया कि उसका भाई आसू सिंह और साथ रहने वाला लक्की पांडे कुछ नकदी और सोने के जेवर लेकर फरार हैं। दोनों की तलाश जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बीमा कंपनी ने नशे का बहाना बनाकर रोकी बीमे की राशि, आयोग ने लगाई फटकार

**भोपाल, देशबन्धु।** स्वास्थ्य बीमा बेचते समय कंपनियां कठिन समय में मदद का वादा करती हैं। अस्पताल में दाखिल होने पर खर्च उठाने का भरोसा दिया जाता है। लेकिन कई बार स्थितियां ऐसी बनती हैं कि कंपनियां जरूरत पड़ने पर अलग-अलग बहानों से बीमे की राशि देने से बचती हैं। एक बहाना यह है कि बीमित व्यक्ति शराब, सिगरेट सेवन का आदी है और उसने यह बात छिपाई थी। ऐसे ही एक मामले में भोपाल के जिला उपभोक्ता आयोग ने एक निर्णय में साफ किया है कि कंपनियां इस तथ्य की जांच किए बिना केवल इस बहाने से बीमा राशि देने से इन्कार नहीं कर सकतीं।

दरअसल, नरेला संकरी निवासी जन्मेश चतुर्वेदी ने केयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से स्वास्थ्य बीमा कराया था। इसके लिए 38 हजार 191 रुपये प्रीमियम राशि का भुगतान किया। 19 जून, 2023 की रात में छाती में दर्द, घबराहट एवं सांस लेने में तकलीफ के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। उनकी कोरोनरी आर्टरी एंजियोग्राफी की गई। इलाज में उनके 2 लाख 41 हजार 805 रुपये खर्च हुए। लेकिन बिमा कंपनी ने उक्त राशि के दावे को यह करते हुए निरस्त कर दिया कि वह शराब, सिगरेट व गुटखा का सेवन करते हैं। इसकी जानकारी बीमा लेते समय नहीं दी थी। कंपनी का यह दावा इलाज के पर्चे में लगी मेडिकल रिपोर्ट के एक खाने में दर्ज सही के निशान के आधार पर था, जबकि ऐसा नहीं था। बाद में जन्मेश ने डॉक्टर की रिपोर्ट दी कि वह नशे का सेवन नहीं करते हैं, लेकिन उसके बाद भी कंपनी मानने को तैयार नहीं हुई। इसके बाद जन्मेश चतुर्वेदी ने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल व सदस्य डॉ. प्रतिभा पांडेय की बेंच ने कहा कि उपभोक्ता के दस्तावेजों पर विचार किए बिना ही बीमा कंपनी ने बहाना बनाकर इलाज की राशि का दावा निरस्त कर सेवा में कमी की है। उन्होंने दो माह के भीतर 2 लाख 41 हजार 805 रुपये नौ प्रतिशत ब्याज के साथ उपभोक्ता को देने का आदेश दिया। इसके अलावा 5 हजार रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति राशि व 3 हजार रुपये वाद व्यय के लिए देना होगा।

### पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

**भोपाल, देशबन्धु।** न्यू मार्केट में सदस्य संख्या के हिसाब से व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति के चुनाव अब 1 जुलाई को नहीं होंगी। चूँकि पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध हो गई है। इसमें सतीश गंगराड़े अध्यक्ष, अजय देवनानी-प्रदीप कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष चुने गए हैं। वहीं, सचिव पद पर पुरुषोत्तम वरदानी, कोषाध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी, सह सचिव पलाश गर्ग एवं मोहम्मद सगीर नवाब के आलावा 3 कार्यकारिणी सदस्य जीत कुमार जैन, गौरव आरतवानी एवं लक्ष्य अग्रवाल को निर्वाचित घोषित किया गया है।

# प्रतीक्षा सूची वाले शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को खून से लिखा पत्र

### कहा- हमारी पुकार सुनिए भैया

### लाडली बहनों को हर महीने पैसे नहीं, हक चाहिए



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में शिक्षक भर्ती वर्ग-1 के प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर गुहार लगाई हैं। दमोह और इंदौर से आए इन अभ्यर्थियों ने इंजेक्शन से खून निकालकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है।

दरअसल इन अभ्यर्थियों की मांग है कि शिक्षक भर्ती वर्ग-1 (2023) के तहत शेष बचे स्वीकृत पदों पर उन्हें नियुक्ति दी जाए, ताकि उनकी वर्षों की मेहनत व्यर्थ न जाए। प्रतीक्षा सूची अभ्यर्थियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी हैं, जिन्हें राज्य सरकार की लाड़ली बहना योजना के तहत 1250 रूपए मासिक सहायता मिल रही है। लिहाजा उन्होंने पत्र में लिखा है हम लाड़ली बहनें हैं, लाड़ली बहनों की पीड़ा समझिए, हमारे हक के लिए कुछ करिए। हमें सहायता नहीं, हमारा अधिकार चाहिए।

गौरतलब है कि अभ्यर्थियों का यह विरोध पहला नहीं है। वे इससे पहले पैदल मार्च, धरना, और बाल कटवाकर भी विरोध जता चुके हैं। अब उन्होंने खून से पत्र लिखकर अपनी व्यथा मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की कोशिश की है। वेटिंग शिक्षक संघ के नीरज त्रिवेदी, देशपाल पालीवाल और वंदना पांडे ने सरकार से अपील की है कि गरीब और वंचित तबके के बच्चों के भविष्य के लिए जल्द से जल्द दूसरी काउंसलिंग कराई जाए, ताकि योग्य शिक्षक नियुक्त हो सकें और सरकारी स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हो।

# सीने में दर्द और होती थी घबराहट, जांच में पता चला दिल से हो रहा था रक्तस्त्राव



### एम्स में हुआ बेंटॉल आपरेशन

**भोपाल, देशबन्धु।** हल्के लक्षण भी गंभीर बीमारी के संकेत हो सकते हैं। ऐसा ही एक केस एम्स भोपाल से सामने आया है। एम्स प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, सिहोर निवासी 44 वर्षीय मरीज को करीब 6 माह से सीने में रुक रुक के दर्द और घबराहट होती थी। कई दिनों तक इन्हें गैस-एसिडिटी के लक्षण सोच मरीज ने गंभीरता से नहीं लिया। समय के साथ समस्या बढ़ते-बढ़ते असहनीय दर्द और बेचैनी में बदल गई। मरीज जिले के निजी अस्पताल में गए, वहां उनकी बीमारी पकड़ में नहीं आई। ऐसे में वे एम्स भोपाल आए। जहां जांच में सामने आया कि मरीज कि छाती की महाधमनी (एओर्टा) में लगभग 8-10 सेमी का बड़ा एओर्टिक एन्यूरिज्म (महाधमनी की सूजन) था। जो लगातार बढ़ रहा था और कभी भी फट सकता था। इसके अतिरिक्त, मरीज का एओर्टिक वॉल्व (हृदय का वॉल्व) भी अत्यधिक रक्तस्त्राव कर रहा था। इस गंभीर स्थिति के इलाज के लिए मरीज में बदल कर आर्टिफिशियल महाधमनी और एओर्टिक वॉल्व लगाया गया। जिसे चिकित्सकीय भाषा में बेंटॉल आपरेशन कहा जाता है। यह उच्च जोखिम वाला यह आपरेशन डॉ. योगेश के निवारिया, डॉ. एम किशन, डॉ. सुरेंद्र सिंह यादव, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. विक्रम वट्?टी और डॉ. आदित्य सिरोही की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया।

### उपलब्धियों पर गर्व- निदेशक

एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा,यह पूरा उपचार आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया, जिससे मरीज पर कोई वित्त भार नहीं आया। पहले ऐसे जटिल ऑपरेशन के लिए मध्यप्रदेश के मरीजों को राज्य के बाहर के उच्च स्तरीय केंद्रों में रेफर किया जाता था। लेकिन अब वे यह इलाज एम्स भोपाल में ही हो रहे हैं। इन उपलब्धियां पर हमें गर्व है।

# बीएमए ने 20 वा स्थापना दिवस मनाया



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन (बीएमए ) द्वारा अपना 20 वा स्थापना दिवस अरेरा हिल्स स्थित बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ प्रशिक्षण सभागार में आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंकिंग लोकपाल शिवकुमार बोस थे। उन्होंने भारत के विकास में बैंकों की भूमिका पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में बैंकिंग सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका बताई और कहा कि आज भारत तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर हैं बैंक कृषि छोटे उद्योग ग्रामीण उद्योग व्यापारियों को कमजोर वर्ग को आसान ऋण दे रही है। श्री बोस ने श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए । इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव ने बैंक ऑफ इंडिया के सफल गतिविधियों से अवगत कराया ओर भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने तथा भविष्य में जुड़े रहने की चर्चा की। बीएमए अध्यक्ष राजेश तिवारी ने संस्था की 20 वर्ष की गतिविधियों से अवगत कराया ओर भविष्य में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी बताई। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष डॉ महेश शुक्ला, सुनील भार्गव, उपाध्यक्ष नरेंद्र छिब्बर, डॉ इफ्तखार, मानद सचिव शंकरण, राजीव अग्रवाल, महेंद्र सिंघल, मनोज झा सहित 80 से अधिक सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र ओझा ने किया।

# धन्यवाद ज्ञापन एवं क्लब अवार्ड्स कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल, देशबन्धु।** रोटरी क्लब भोपाल मिड टाउन द्वारा वर्ष 2024 -25 जोश और जुनून थीम के कार्यकाल में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए क्लब सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन एवं क्लब अवार्ड्स कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष, मानव सचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा अवार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटेरियन डॉक्टर प्रीती उपाध्याय द्वारा वर्ष भर में विभिन्न सेवा प्रकल्पों पर किए गए कार्य का उल्लेख किया गया। उन्होंने बताया इस वर्ष क्लब द्वारा विविध सेवा प्रकल्प जिन में प्रमुख रूप से विंटर गेम्स, प्लांटेशन, जनरल नॉलेज क्वीज, गुरु सम्मान, ब्लड डोनेशन कैम्प , कलरव, भारतीय सांकेतिक भाषा कार्यशाला एवं रोटरी जॉब फेयर का आयोजन किया। कार्यक्रम में रोटेरियन संजय निगम, एसके भार्गव, सुयश सिंह, अमित तनेजा, विनोद तिवारी ,रुचिता अग्रवाल दिनेश मुंद्रा, आभास जैन, रश्मि गुर्जर आदि प्रमुख रूप से सम्मानित किये गये। क्लब द्वारा सम्मानित सभी सदस्यों द्वारा किए गए कार्य क्षेत्र के बारे में अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का संचालन रो.अशोक गुप्ता द्वारा किया गया।

# प्रतिबद्धता, सादगी और अनुशासित कर्मठ जीवन के लिए याद रहेंगे कॉमरेड मोदी

### स्मृति में हुई श्रद्धांजलि सभा




**भोपाल, देशबन्धु।** स्वाधीनता सेनानी,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और एटक के वरिष्ठतम नेता कॉमरेड कृष्णा मोदी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा भाकपा के राज्य कार्यालय शाकिर सदन भोपाल में आयोजित हुई। श्रद्धांजलि सभा में प्रबुद्ध वक्ताओं ने विभिन्न संस्मरणों के माध्यम से दिवंगत कॉमरेड कृष्णा मोदी जी को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की ।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कॉमरेड शैलेन्द्र शैली, कॉमरेड सत्यम पाण्डे, एटक के प्रांतीय महासचिव कॉमरेड शिवशंकर मौर्य , कर्मचारी नेता कॉमरेड वी के शर्मा , कॉमरेड गुण शेखरण, कॉमरेड यशवन्त पुरोहित, कॉमरेड रामहर्ष पटेल , ट्रांसपोर्ट हम्माल मजदूर सभा के महासचिव कॉमरेड फिदा हुसैन, राष्टीय जनता दल के नेता मोनू यादव, भाकपा के वरिष्ठ सदस्य कॉमरेड डीडी शर्मा, कॉमरेड एमएल सातपुते, वरिष्ठ पत्रकार सुनील गुप्ता ने भारत के स्वाधीनता आन्दोलन, कम्युनिस्ट आन्दोलन ,श्रमिक आन्दोलन में विभिन्न संस्मरणों के माध्यम से कॉमरेड कृष्णा मोदी की प्रेरक और अविस्मरणीय भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि कॉमरेड मोदी का निधन वर्तमान परिदृश्य की बहुत बड़ी क्षति है। अपनी प्रतिबद्धता, सरलता, सादगी और अनुशासित कर्मठ जीवन के लिए कॉमरेड मोदी हमेशा याद रहेंगे। कॉमरेड मोदी ने अपने समय में प्रतिगामी प्रवृत्तियों, साम्प्रदायिकता, धार्मिक कट्टरपंथ का प्रतिरोध जिस तरह किया और अपने आचरण से भी अपनी प्रतिबद्धता को साकार किया वह उल्लेखनीय है। कॉमरेड मोदी की तरह एक आदर्श कम्युनिस्ट के रूप में खुद को विकसित करना ही कॉमरेड मोदी को सार्थक श्रद्धांजलि होगी । अन्त में दो मिनिट का मौन रख कर,पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कॉमरेड कृष्णा मोदी को लाल सलाम के नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में भाकपा के वरिष्ठ सदस्य कॉमरेड डीआर बंछोर, नवाब उद्दीन, शेर सिंह, राजेन्द्र सिंह,बीपी मिश्रा, एसएस शाक्य,शहाबुद्दीन, जितेन्द्र रैकवार, रामविलास गौड़ आदि शामिल हुए।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं चन्द्रभान अहिरवार पिता श्री उमेश अहिरवार आयु 19 वर्ष निवासी - ग्राम कांचरी, ढाना नरयाव जिला - सागर म.प्र. सत्यनिष्ठा से कथनल करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम चंदभान अहिरवार (Chandbhan Ahirwar) पिता उमेद अहिरवार (Umed Ahirwar) दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम शैक्षणिक दस्तावेज 10वीं की अंकसूची मे पूरा नाम चन्द्रभान अहिरवार (Chandrbhan Ahirwar) पिता उमेश अहिरवार (Umed Ahirwar) दर्ज है। यह कि चन्द्रभान अहिरवार (Chandrbhan Ahirwar) पिता श्री उमेश अहिरवार व चंदभान अहिरवार Chandbhan Ahirwar) पिता उमेद अहिरवार (Umed Ahirwar) दोनों एक ही व्यक्ति हैं ।

प्रकाशन उपरांत मेरा नाम चन्द्रभान अहिरवार (Chandrbhan Ahirwar) पिता श्री उमेद अहिरवार (Umed Ahirwar) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावे।

| पुराना नाम | नया नाम |
|---|---|
| चंदभान अहिरवार (Chandbhan Ahirwar) पिता उमेद अहिरवार (Umed Ahirwar) | चन्द्रभान अहिरवार (Chandrbhan Ahirwar) पिता उमेद अहिरवार (Umed Ahirwar) |

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं सरदार सिंह पाल पिता प्रेमनारायण निवासी ग्राम डोकरी बमनई, तुलसीपार, तहसील सिलवानी, जिला रायसेन मध्यप्रदेश हूँ। मेरे पुत्र का नाम जिगर पाल पिता सरदार सिंह (JIGAR PAL S/O SARDAR SINGH) है। परंतु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम मंगल सिंह पिता सरदार सिंह पाल (MANGAL SINGH S/O SARDAR SINGH PAL) दर्ज हो गया है, यह कि जिगर पाल पिता सरदार सिंह (JIGAR PAL S/O SARDAR SINGH) व मंगल सिंह पिता सरदार सिंह पाल (MANGAL SINGH S/O SARDAR SINGH PAL)दोनों एक ही व्यक्ति हैं।

प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र का नाम जिगर पाल पिता सरदार सिंह (JIGAR PAL S/O SARDAR SINGH) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ जावे।

| पुराना नाम | नया नाम |
|---|---|
| मंगल सिंह पिता सरदार सिंह पाल (MANGAL SINGH S/O SARDAR SINGH PAL) | जिगर पाल पिता सरदार सिंह (JIGAR PAL S/O SAR-DAR SINGH) |

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं अनवर मोहम्मद पिता निसार मोहम्मद निवासी म.नं. 901 शाहजहानाबाद थाने के पीछे, तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. हूं। मेरा नाम आधार कार्ड में अनवर मो पिता मोहम्मद निसार (ANWAR MOHD S/O MOHAMMED NISAR ) अंकित है, जो कि मेरा उपनाम अधूरा है व मेरे पिता के उपनाम कि स्पेलिंग में त्रुटि है, मेरा सही नाम अनवर मोहम्मद पिता निसार मोहम्मद (ANWAR MOHAMMAD S/O NISAR MOHAMMAD) है। यह कि अनवर मोहम्मद पिता निसार मोहम्मद (ANWAR MOHAMMAD S/O NISAR MOHAMMAD) व अनवर मो पिता मोहम्मद निसार (ANWAR MOHD S/O MOHAMMED NISAR ) दोनों एक ही व्यक्ति है ।

प्रकाशन उपरांत मेरा नाम अनवर मोहम्मद पिता निसार मोहम्मद (ANWAR MOHAMMAD S/O NISAR MOHAMMAD) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावे ।

| पुराना नाम | नया नाम |
|---|---|
| अनवर मो पिता मोहम्मद निसार (ANWAR MOHD S/O MOHAMMED NISAR) | अनवर मोहम्मद पिता निसार मोहम्मद (ANWAR MOHAMMAD S/O NISAR MOHAMMAD) |

देशबन्धु

भोपाल, सोमवार 23 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# ईरान पर अमेरिकी हमला

डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं के हाथ में सत्ता आ जाने का कितना खतरनाक अंजाम होता है, इसका उदाहरण रविवार को फिर से दुनिया ने देख लिया। इजरायल और ईऱान के बीच पिछले 10 दिनों से चल रहे युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा। ईरान के फोर्डो, नतांज और एस्पहान इन तीन परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने बम गिराए और वापस लौट गए। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित करते हुए इस अभियान को एक 'शानदार सफलता' बताया। साथ ही उम्मीद जताई कि उनका यह क़दम एक स्थायी शांति का रास्ता खोलेगा, जिसमें ईरान के पास परमाणु शक्ति बनने की संभावना नहीं रहेगी।

अभी गुरुवार तक ट्रंप कह रहे थे कि वो दो हफ्ते तक विचार करेंगे, इसके बाद कोई फैसला लेंगे। इससे पहले कनाडा से लौट कर ट्रंप ने ईरान को बिना शर्त समर्पण करने कहा था। ट्रंप को लगा होगा कि ऐसी घुड़की काम कर जाएगी, लेकिन ईरान की तरफ से सुप्रीम नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने भी बता दिया कि ईरान सरेंडर करने वाली कौम नहीं है। खामनेई ने यह भी कहा कि मुझे मारकर भी अमेरिका को कुछ हासिल नहीं होगा, क्योंकि ये युद्ध ईरान की सेना, उसके युवा लड़ रहे हैं। खामनेई को ऐसा वक्तव्य शायद इसलिए देना पड़ा क्योंकि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुलेआम उन्हें मारने की धमकी दी। दुनिया में बहुत से बड़े युद्ध हुए हैं, लेकिन किसी देश के नेता ने दुश्मन देश के नेता की हत्या की धमकी दी हो, इसके उदाहरण कम हैं। युद्ध में एक देश, दूसरे देश को मात देने की बात करता है, गुंडों की तरह हत्या की नहीं। मगर अमेरिका और इजरायल ये दोनों इस समय पूरे दुनिया में अपनी गुंडागर्दी चलाते दिख रहे हैं और इनकी वजह से फिर विश्व युद्ध का खतरा खड़ा हो गया है।

विडंबना ये है कि ट्रंप और नेतन्याहू कहते हैं कि शक्ति से ही शांति आएगी। यानी अब विश्वशांति की परिभाषा भी इनके हिसाब से लिखी जाए, ऐसा माहौल बनाया जा रहा है। इसके बाद अगर ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिल भी जाए, तो क्या आश्चर्य। जब शांति के तकाजे बदल रहे हैं तो फिर गुंडों को ही रक्षक और शांतिदूत माना जाएगा।

दुख की बात ये है कि इस पूरे प्रकरण में भारत की भूमिका दुनिया की निगाह में संदिग्ध हो रही है। नरेन्द्र मोदी से पहले किसी प्रधानमंत्री ने अमेरिका या इजरायल के खिलाफ इस तरह की असमर्थता नहीं दिखाई कि उनके गलत फैसलों पर कुछ न बोलें, पीड़ितों के साथ खड़े न हों। शनिवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार को आगाह किया था कि अब भी देर नहीं हुई है, इजरायल के खिलाफ आवाज उठाना चाहिए। वहीं रविवार को फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि आज ईरान की बारी है, कल हमारी होगी। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक प्रधानमंत्री का कोई आधिकारिक बयान इस पर नहीं आया है। जबकि भारत स्थित ईरानी दूतावास और इजरायली दूतावास अपने-अपने देशों का पक्ष रख रहे है। ट्रंप को नोबेल पुरस्कार देने की सिफारिश करने वाला पाकिस्तान भी अमेरिका के हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए उसकी निंदा कर रहा है, लेकिन हमारा नेतृत्व अभूतपूर्व तरीके से चुप है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी फ़ैसले से संघर्ष बढ़ने पर 'अराजकता का सिलसिला' शुरू हो सकता है क्योंकि मध्य पूर्व पहले से ही 'तनाव की स्थिति' में है। लेकिन ट्रंप की धमकी है कि जरूरत पड़ी तो इस तरह के हमले और किए जाएंगे। दरअसल इस हमले के बाद भी ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागी हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए ने बताया है कि ईरान के तीन परमाणु ठिकानों, जिनमें फ़ोर्दो भी शामिल है, पर हुए हमलों के बाद अभी तक वहां के आसपास के इलाक़े में रेडिएशन बढ़ने की कोई ख़बर नहीं है। इसका मतलब ये है कि अमेरिका जो नुकसान पहुंचाना चाहता था, वह ईरान को नहीं पहुंचा है। तो अब सवाल है कि क्या अमेरिका फिर से कोई नया हमला करेगा। हालांकि अब ट्रंप अपनी मनमानी जारी रख पाएंगे, इसमें संदेह है क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी के बिना किया गया हमला अब ट्रंप को भारी पड़ सकता है।

ट्रंप को उम्मीद है कि अमेरिकी हमलों से ईरान बातचीत की मेज़ पर ज़्यादा रियायतें देने को मजबूर होगा। लेकिन ऐसा लगता नहीं कि अब ईरान अमेरिका से बातचीत को तैयार होगा। वैसे ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में कोई नया युद्ध शुरू न करने पर गर्व किया था और इस बार चुनाव प्रचार में ट्रंप ने उन पूर्व राष्ट्रपतियों की आलोचना की, जिन्होंने अमेरिका को विदेशी युद्धों में झोंक दिया। बराक ओबामा के लिए उन्होंने कहा था कि बातचीत से मुद्दों को सुलझाने का कौशल उनमें नहीं है, इसलिए अमेरिका को युद्ध में झोंक दिया। अब ट्रंप क्या खुद के लिए ऐसा कह पाएंगे।

अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश माना जाता है, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियारों के बड़े जखीरे के अलावा दुनिया के तमाम शक्तिशाली हथियार और सैन्य उपकरण हैं। अमेरिकी जनता के टैक्स का बड़ा हिस्सा सैन्य संसाधन पर खर्च होता है। यह सब अमेरिका इसलिए करता है ताकि दुनिया पर उसका दबदबा बना रह सके। जिन देशों के पास प्राकृतिक संसाधन हैं, लेकिन वे आर्थिक या सैन्य शक्ति संपन्न नहीं हैं, उन्हें अपने चंगुल में फंसा कर मुनाफा कमाना पूंजीवादी अमेरिका को बहुत अच्छे से आता है। अमेरिका की सत्ता की डोर सीधे-सीधे बड़े कारोबारियों, हथियारों के व्यापारियों के हाथ में है। इसलिए ट्रंप को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में अपनी सेना के साथ, सेना के साजो सामान की भी तारीफ करनी पड़ी। यानी युद्ध का मामला विशुद्ध व्यापारिक है, यह जाहिर हो चुका है। मगर इस बार ईरान पर वार कर ट्रंप ने अपनी सत्ता दांव पर लगा दी है।

# ईरान पर हमला करके ट्रंप पूरी दुनिया को धमका रहे हैं

यह दुनिया ऐसे ही चलती है। ताकतवर की दुनिया। 12 हजार किलोमीटर दूर ईरान पर हमला करके अमेरिका कहता है अब शांति होगी। अगर दुनिया खामोश रही तो वह गजा के बाद ईरान में भी मौत की शांति पैदा कर देगा।

ईरान पर पहले इजराइल ने हमला किया। और जवाब देने को जुर्रत (दुस्साहस) मानते हुए फिर अमेरिका ने। इस धमकी के साथ कि तबाह कर देगा अगर समर्पण नहीं किया तो। संयुक्त राष्ट्र ने बड़े कड़े शब्दों में विरोध किया। अमेरिकी हमले की निंदा की। मगर वह तो गजा पर इजरायली हमले की भी की थी। हमले रोकना तो दूर वहां इजराइल ने भयंकर नरसंहार किया। 50 हजार से ज्यादा तो केवल बच्चों और महिलाओं को मारा है। कुल मरने वालों की तादाद 60 हजार से ऊपर है।

संयुक्त राष्ट्र के कहने से कुछ नहीं हो रहा। जिस विश्व शांति के लिए इसका गठन हुआ था सैकंड वर्ल्ड वार के बाद वह अर्थहीन हो गया। अमेरिका और इजराइल ने दुनिया को फिर एक बड़े युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया। भारत पहले ऐसे में उपयोगी भूमिका निभाता था। मगर बेवजह खुद को विश्व गुरू, विश्व गुरू कहकर हमारे प्रधानमंत्री ने अपनी व्यक्तिगत छवि कितनी उभारी पता नहीं मगर देश की छवि वह 2014 से पहले सम्मान वाली नहीं रहने दी।

अब सबकी नजर चीन और रूस पर है। यह दोनों महाशक्तियां चाहें तो अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हो रहे हमलों को रुकवा सकते हैं। मगर आप अगर पिछले दो सालों को देखें तो इन दोनों ने कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है। मूल मुद्दा गजा में नरसंहार रोकने का था। वहां के बच्चों और नागरिकों के दवा, दूध, खाने पर इजराइल द्वारा लगाई गई बंदियों को हटाने का था। मगर यह मानवीय मदद भी कोई नहीं कर पाया।

असली सवाल फिलिस्तीन के स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व का तो बहुत पीछे चला गया। दो साल में इजराइल ने ऐसा जुल्म ढाया कि आज सबसे पहले सब यही मांग कर रहे हैं कि बच्चों को दूध दवाएं मिल सकें। अस्पतालों और नागरिकों पर हमले बंद हों। मगर यह करने के बदले इजराइल ने सीधे ईरान पर हमला करके इशु डाइवर्ट कर दिया। आज फिलिस्तीन, गजा का नरसंहार पृष्ठभूमि में चला गया। सबसे बड़ा सवाल यह आ गया कि अमेरिका के युद्ध में कूद जाने के बाद दुनिया किसी बड़े खतरे की तरफ न बढ़ जाए।

अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करके परमाणु रिसाव और परमाणु युद्ध के खतरों को बढ़ावा दे दिया। ईरान ने अमेरिका के हमले के बाद अपने पलटवार और तेज कर दिए हैं। इजराइल पर मिसाइल हमले तो तेज किए ही अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी हमला करने की घोषणा की है।



शकील अख्तर

**अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करके परमाणु रिसाव और परमाणु युद्ध के खतरों को बढ़ावा दे दिया। ईरान ने अमेरिका के हमले के बाद अपने पलटवार और तेज कर दिए हैं। इजराइल पर मिसाइल हमले तो तेज किए ही अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी हमला करने की घोषणा की है। ईरान पिछले दस दिन में अपनी ताकत से ज्यादा लड़ा।**

ईरान पिछले दस दिन में अपनी ताकत से ज्यादा लड़ा। इसके पीछे इतना समर्थन इसीलिए है। इजराइल को पहली बार अपने घर में हमलों का स्वाद चखना पड़ा। वह कह रहा कि उसके नागरिकों पर हमले हुए, अस्पताल पर हुए। लेकिन वह यह भूल गया कि उसने गजा में कितने अस्पतालों पर बम गिराए। मासूम बच्चों तक की हत्या की। लेकिन उस समय उसे युद्ध के नियम याद नहीं आए। आज कह रहा है कि अन्तरराष्ट्रीय समुदाय को देखना चाहिए कि हमारे नागरिक क्षेत्रों पर कैसे हमले हो रहे हैं।

युद्ध में सेना सेना से लड़ती है। नगरिकों से नहीं। हमारी सेना ने जब पाकिस्तान की आतंकवादी हरकतों का जवाब दिया तो उसने केवल वहां के आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। सैन्य ठिकानों को भी नहीं, नागरिक क्षेत्रों का तो सवाल ही नहीं उठता। मगर पाकिस्तान ने जवाब में पुंछ में हमारे नागरिक क्षेत्रों के साथ धार्मिक स्थानों पर भी हमला किया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वहां जाकर गुरुद्वारों, मंदिर, मदरसों में पाकिस्तान द्वारा की गई गोलाबारी को खुद आंखों से जाकर देखा। गोलाबारी से मारे गए लोगों के परिवारों से मिले उन्हें सांत्वना दी। प्रधानमंत्री मोदी को भी जाना चाहिए था। वे नहीं गए।

तो हमला नागरिकों पर नहीं होता है। मगर इजराइल ने पहले गजा में फिर ईरान में किया। इजरायल, पाकिस्तान दोनों का अपराध एक जैसा है। मौसेरे भाई। और अमेरिका इन दोनों का सरपरस्त। इन दोनों के पास परमाणु हथियार हैं। और दोनों ही भरोसेमंद नहीं। मगर इनसे कभी कुछ नहीं कहता। लेकिन ईरान से कहता है कि तुम परमाणु हथियार बना रहे हो इसलिए तुम पर हमला किया। दोहरे मापदंड। हर लड़ाई उसने ऐसे ही लड़ी है। कोरिया में, वियतनाम में, इराक में अफगानिस्तान में। लंबी लिस्ट है और ज्यादातर में उसने मुंह की खाई है। इस बार ईरान में भी उसके लिए स्थिति साजगार नहीं हैं।

अमेरिका ने सोचा था इजराइल के हमले से ही डर कर ईरान हथियार डाल देगा। मगर उसने इजराइल को कड़ा जवाब दिया। और अमेरिका के हमले के बाद इजराइल पर और मिसाइलें मार रहा है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि अमेरिका के मुकाबले ईरान के पास हथियार और दूसरे साजो सामान नहीं है। मगर हौसले से उसने जो लड़ाई लड़ी उसकी वजह से उसे भारी नैतिक समर्थन मिल रहा है।

हालांकि यह सच्चाई है कि आज की लड़ाई जमीन पर नहीं आसमान में हो रही है और वहां आधुनिक तकनीक और विज्ञान ही सब कुछ है। अभी भारत-पाक संघर्ष से पहले किसने सोचा था कि लड़ाइयां ऐसी होंगी। पैदल सेना कहीं होगी ही नहीं। मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल पहली बार इसी में देखा गया। रूस और युक्रेन के युद्ध में भी यही हो रहा था। अब इजराइल ईरान और फिर अमेरिका ईरान युद्ध ने बता दिया कि भविष्य के युद्ध इंसान की शारीरिक शक्ति से नहीं दिमागी शक्ति से ही लड़े जाएंगे।

दूसरी एक बात यह भी साफ हो गई कि कागजी संगठन वास्तविक समस्या में कोई मदद नहीं करते। 57 इस्लामिक देशों का संगठन है इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईएस)। जो घोषित तौर पर कहता है मुस्लिम देशों की आवाज। मगर न वह गजा पर इजराइल के अमानवीय अत्याचारों पर कुछ कर पाया और न ईरान पर इजराइल और फिर अमेरिका के हमले के बाद।

याद सब रूस और चीन को कर रहे हैं कि उनका रिएक्शन क्या होता है? वह किस तरह अमेरिका की दादागिरी के खिलाफ खड़े होते हैं। इस्लामिक देशो में तो पाकिस्तान ने अपने एयरबेस अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिए दे दिए। सउदी अरब न गजा के मामले में कुछ बोला न इजराइल के ईरान के हमले पर। बाकी भी सभी बड़े देश या तो तटस्थ हैं या अमेरिका के साथ। और अमेरिका के साथ क्या, इजराइल के ईरान पर हमले को दस दिन से ज्यादा हो गए मगर किसी मुस्लिम देश ने खुल कर ईरान का साथ नहीं दिया। उल्टे इजराइल जो मिसाइलें ईरान पर गिरा रहा है वह ईराक, सीरिया, जार्डन लेबनान की वायुसीमा से होती हुई जाती हैं। इन्होंने अपना वायुमार्ग इजराइल के लिए बंद नहीं किया।

तो ईरान का मामला अब किस दिशा में जाता है देखना होगा। रुस और चीन बड़े देश हैं। उनका कोई भी रुख हो उनके अस्तित्व पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। मगर इस्लामिक देशों के लिए एक बड़ा सबक है। देखना है वे इसे कैसे समझते हैं।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# गांधीजी की दृष्टि और पश्चिम एशिया का संकट?

■ **अरुण कूमार डनायक**

फिलिस्तीन का मुद्दा धर्म, भूमि और पहचान से जुड़ा सौ साल पुराना मुद्दा है। इज़राइल-ईरान तनाव के साथ यह वैश्विक चिंता का विषय बन गया है, जिसके अमेरिका, रूस और चीन जैसी शक्तियों की भागीदारी से महायुद्ध में बदलने की आशंका है। यह संकट वैश्विक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को चुनौती देता है। इसका समाधान युद्ध नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और गांधीवादी अहिंसा में निहित है।

दक्षिण अफ्रीका में रहते हुए गांधीजी के हर्मन कैलनबैक, हेनरी पोलक और जोसेफ रॉयड्स जैसे अनेक यहूदियों से मैत्रीपूर्ण संबंध बने थे। गांधीजी ने 'हरिजन' में 26 नवंबर 1938 को यहूदियों की समस्या पर लिखते हुए स्पष्ट किया था कि वे यहूदियों के साथ हो रहे अन्याय को गहराई से समझते हैं। उन्होंने कहा था, 'यहूदियों को अपने अधिकार के लिए हिटलर के खिलाफ संघर्ष अवश्य करना चाहिए, लेकिन अहिंसा के रास्ते पर चलकर।'

गांधीजी चाहते थे कि यहूदियों के साथ उसी भूमि पर न्यायसंगत व्यवहार हो, जहां वे जन्मे, पले और विकसित हुए हैं। गांधीजी मानते थे कि यहूदियों का फिलिस्तीन पर दावा नैतिक रूप से उचित नहीं, क्योंकि वह भूमि अरबों की है। यहूदियों की वापसी ऐतिहासिक गलतियों के आधार पर न्यायसंगत नहीं कही जा सकती। उन्होंने यह भी जोड़ा कि बाइबल या धर्मशास्त्रों के आधार पर किसी भूमि पर दावा करना आधुनिक राजनीति में उचित नहीं है।

**गांधीजी की सोच के आलोक में इज़राइल-फिलिस्तीन और इज़राइल-ईरान संघर्ष का दीर्घकालिक समाधान इन सिद्धांतों में निहित है—साझा सह-अस्तित्व की भावना, जहां यहूदी, अरब और फारसी समुदाय साझा इतिहास व संस्कृति को अपनाएं; युद्धोन्माद के बजाय अहिंसक संवाद और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता को प्राथमिकता दी जाए; तथा धर्म और राष्ट्रवाद से ऊपर उठकर मानवीय सहिष्णुता और करुणा को पुर्नस्थापित किया जाए।**

यह वक्तव्य गांधीजी की उस मूल सोच को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें वे धर्म या इतिहास के आधार पर भूमि के स्वामित्व को अस्वीकार करते हैं। उन्होंने अरबों के अधिकार को प्राथमिकता दी और यहूदियों से आग्रह किया कि वे अरबों के साथ अहिंसा और सहयोग के आधार पर सह-अस्तित्व का मार्ग अपनाएं।

गांधीजी ने इज़राइल के गठन से पहले फिलिस्तीन में चल रहे यहूदी आतंकवाद की निंदा की थी, इसे नैतिक पतन बताया। उन्होंने कहा था कि हिंसा से प्रतिशोध न्याय नहीं होता और आतंकवाद किसी धर्म या उद्देश्य को पवित्र नहीं करता। वे मानते थे कि यहूदियों को केवल उसी पर संतोष करना चाहिए जिसे वे अपने ईश्वर यहोवा से विरासत में प्राप्त मानते हैं। उन्हें अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए न तो ब्रिटिश सत्ता पर निर्भर रहना चाहिए, न ही अमेरिकी समर्थन की आस रखनी चाहिए।

गांधीजी के अनुसार, न्याय का मार्ग आत्मनिर्भरता, नैतिक बल और आपसी सौहार्द के आधार पर ही टिकाऊ हो सकता है। गांधीजी ने अरबों को यह संदेश दिया था कि वे धैर्य, संयम और अहिंसा का मार्ग न छोड़ें। उन्होंने अरबों से आग्रह किया था कि यहूदियों से उनका विरोध अस्मिता के आधार पर हो, घृणा के आधार पर नहीं। यह एक संतुलित दृष्टिकोण था, जिसमें संघर्ष का समाधान नैतिक आधार पर खोजा गया।

गांधीजी ने ईरान को भारत का आत्मीय व सांस्कृतिक मित्र माना था और दोनों देशों के संबंधों को सांस्कृतिक व आध्यात्मिक आधार पर परिभाषित किया था। 'जेंद-अवेस्ता' (पारसी धर्म का प्रमुख ग्रंथ है जिसमें पारसी धर्म के संस्थापक पैगंबर जरथुस्त्र की शिक्षाओं और सिद्धांतों का संग्रह है) जैसे ग्रंथों में निहित समन्वय को वे सम्मान का प्रतीक मानते थे। जनवरी 1948 की एक प्रार्थना सभा में व्यक्त ये विचार प्रेम और भाईचारे को सच्चे धार्मिक मूल्य के रूप में प्रस्तुत करते हैं। गांधीजी का दृष्टिकोण भारत-ईरान संबंधों को शांति और सहयोग के आधार पर मजबूत करने की प्रेरणा देता है। वे पश्चिम एशिया के साथ भारत के संबंधों को महत्वपूर्ण मानते थे और इसे एशियाई एकता के प्रतीक के रूप में देखते थे।

वर्ष 2024 में इज़राइल के लेबनान और गाजा में हवाई हमले और ईरान के प्रॉक्सी संगठनों (जैसे हिजबुल्लाह) के जवाबी हमलों ने तनाव बढ़ाया है। साइबर युद्ध और सामरिक धमकियां क्षेत्र को अस्थिर कर रही हैं। इज़राइल का यहूदी राष्ट्रवाद, सुरक्षा के नाम पर सैन्य कार्रवाइयां और ईरान की धार्मिक कट्टरता व प्रॉक्सी युद्ध गांधीजी की संवाद, सह-अस्तित्व और सत्याग्रह की नैतिक दृष्टि के विपरीत हैं। इस संघर्ष में मानवीयता को सबसे अधिक क्षति पहुंच रही है।

गांधीजी की सोच के आलोक में इज़राइल-फिलिस्तीन और इज़राइल-ईरान संघर्ष का दीर्घकालिक समाधान इन सिद्धांतों में निहित है—साझा सह-अस्तित्व की भावना, जहां यहूदी, अरब और फारसी समुदाय साझा इतिहास व संस्कृति को अपनाएं; युद्धोन्माद के बजाय अहिंसक संवाद और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता को प्राथमिकता दी जाए; तथा धर्म और राष्ट्रवाद से ऊपर उठकर मानवीय सहिष्णुता और करुणा को पुर्नस्थापित किया जाए।

भारत, जो बुद्ध और गांधी की धरती है और आज एक उदीयमान वैश्विक शक्ति है, उसकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह इज़राइल-फिलिस्तीन और इज़राइल-ईरान जैसे संघर्षों में शांतिपूर्ण समाधान का मार्ग प्रशस्त करे। इन जटिल मुद्दों को केवल सामरिक या धार्मिक चश्मे से देखना एक सीमित दृष्टिकोण है। भारत को चाहिए कि वह मध्यपूर्व के देशों के बीच संवाद, न्याय और अहिंसा का सेतु बने।

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या और लोकतंत्र के रूप में ख्यात भारत की जिम्मेदारी बनती है कि वह 'संयुक्त राष्ट्र संघ,' 'ब्रिक्स,' 'जी-7' व 'जी-20,' 'शंघाई सहयोग संगठन' जैसे मंचों पर हथियारों की होड़ और सैन्य आक्रामकता का स्पष्ट विरोध करे। हाल के वर्षों में भारत की कुछ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मतदान से अनुपस्थिति उसकी नैतिक और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं कही जा सकती।

भारत को तटस्थता से ऊपर उठकर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, संवाद और न्याय के पक्ष में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। भारत को चाहिए कि वह केवल रणनीतिक संतुलन बनाए रखने तक सीमित न रहे, बल्कि संवाद, न्याय और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पक्ष में स्पष्ट व सक्रिय भूमिका निभाए—ताकि वह केवल एक क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक नैतिक नेतृत्व का प्रतीक बन सके।

भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध गांधीजी के विचारों से प्रेरित रहे हैं। ऐसे में भारत का कर्तव्य है कि वह ईरान को अलग-थलग करने के प्रयासों में भागीदार बनने के बजाय उसे संवाद और सहयोग की प्रक्रिया में सहभागी बनाए। महात्मा गांधी हमें एक व्यापक नैतिक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, जिसमें सत्य, अहिंसा, समता और सह-अस्तित्व जैसे मूल्यों के आधार पर समाधान की तलाश की जाती है। आज का विश्व यदि गांधीजी के उस नैतिक चश्मे से इन समस्याओं को देख सके, तो न केवल फिलिस्तीन बल्कि पूरा पश्चिम एशिया एक बार फिर शांति, सहयोग और मानवता की राह पर लौट सकता है।

**( लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)**



## ललित सुरजन की कलम से

### कविता:अमेरिका को फिर अमेरिका बनने दो

*- लैंगस्टन ह्यूज़*
*(1902-1967)*
*विख्यात अफ्रीकी-अमेरिकी कवि*

*ओह! अमेरिका को फिर बनने दो*
*अमेरिका*
*वह धरती जो अभी तक*
*बन नहीं पाई है,*
*लेकिन जिसे बनना ही चाहिए- वह*
*धरती*
*जहाँ हर मनुष्य हो स्वाधीन*
*वह धरती जो मेरी हो*
*गरीब की, आदिवासी की, नीग्रो की*
*हाँ, वह धरती हो मेरी,*
*मैं, जिसने बनाया अमेरिका,*
*बनाया अमेरिका*
*जिसके स्वेद और लहू ने,*
*जिसके विश्वास और पीड़ा ने,*
*मशीन पर चले जिसके हाथ,*
*बरसात में चला जिसका हल,*
*वही लौटा कर लाएगा हमारा सुनहरा*
*स्वप्न।*
*मुझे परवाह नहीं, तुम मुझे गालियाँ*
*दो,*
*किसी भी भाषा में पुकारो,*
*स्वाधीनता की इस्पाती चादर पर*
*दाग नहीं पड़ेंगे,*
*हमारी ज़िंदगी को चूस लिया*
*जिन्होंने जोंक बन कर,*
*उनसे वापिस लेना ही है*
*हमें हमारी धरती*
*अमेरिका!*
*हाँ, सचमुच*
*मैं साफ-साफ कहता हूँ,*
*अमेरिका मेरे लिए कभी*
*अमेरिका नहीं था,*
*लेकिन मैं शपथ लेता हूँ*
*अमेरिका होगा।*
*खूनी गिरोहों के विध्वंस और*
*मौत के नाच के बावजूद,*
*बलात्कार, झूठ, कदाचार,*
*षड़यंत्र और रिश्वत की सड़न के बाद*
*भी,*
*हम, जो जन हैं, लौटा कर लाएंगे*
*धरती, खदान, वृक्ष, नदियाँ,*
*पहाड़ और अंतहीन मैदान और*
*हरियाली के सारे दृश्य*
*हाँ, वे सारे दृश्य*
*और अमेरिका को फिर बनाएंगे।*

***रूपांतर- ललित सुरजन***

https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/11/blog-post.html

## आपके पत्र

### इजरायल-ईरान युद्ध में अमेरिका का दखल घईरान के फोर्दो, नातंज और इस्फ़हान में हमला

ईरान-इजरायल और अमेरिका के ट्रायंगल ने नया मोड़ ले लिया है। इजरायल-ईरान युद्ध के तनाव को अमेरिका की एंट्री ने और बढ़ा दिया है। इजरायल ईरान के भीषण युद्ध में जहां इसराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान सहित ईरान के सत्ता प्रमुख अयातुल्लाह खेमनेई को खत्म करने की ठान ली है। वहीं ईरान ने जवाबी हमले में तेल अबीब के गैस और तेल के ठिकानों सहित स्टॉक एक्सचेंज, अस्पताल सहित अनेक नागरिक केंद्रों को बर्बाद कर दिया है। ईरान की टारगेटेड मिसाइल को इजरायल रोक पाने में असफल रहा है। वैसे अब इजरायल के पास ईरान को रोकने के लिए उतने अस्त्र-शस्त्र शेष नहीं बचे क्योंकि विगत एक साल से ज्यादा उसकी लड़ाई हमास, हिजबुल और हूती विद्रोहियों के साथ गजा पट्टी तथा फिलिस्तीन पर चल रही है। अब इजरायल में वह दम-खम नहीं रहा जिसके लिए वह जाना जाता है। जबकि ईरान के पास अभी सैकड़ों मिसाइल्स का भंडार बचा हुआ है जिसके दम पर वह इजरायल के शहरों में ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। इजरायल ने इन परिस्थितियों में अमेरिका से ईरान पर हमले की गुजारिश भी की थी, और अमेरिका ने बीती रात अपने सबसे खतरनाक एयर स्ट्राइकर से ईरानी परमाणु ईंधन केंद्रों जिनमें प्रमुख फोर्दो, नतांज और इस्फ़हान हैं जिनके गहरे बंकरों में वह परमाणु ईंधन छुपा कर रखता है पर हमला कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार इनमें एक फोर्दो सबसे बड़ा परमाणु ईंधन भंडारण जो पूरी तरह तबाह हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले की पुष्टि भी कर दी है उन्होंने अपने मीडिया हैंडल में लिखा है कि हमने इन तीन परमाणु भंडारण केंद्र में हमले कर उसे तबाह करने की कोशिश की है और हमारे दोनों फाइटर प्लेन सुरक्षित वापस अमेरिका आ चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि हमले हो सकते हैं इजरायल के प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति का रास्ता हमले से होकर जाता है। हीरा की सट्टा प्रमुख ने इसके जवाब में कहा है कि हमले रुकेंगे नहीं और अब शांति प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मिडिल ईस्ट में इजरायल के अलावा किसी के पास परमाणु बम नहीं है। वैसे तो घोषित तौर पर इजरायल के पास भी परमाणु बम नहीं है पर रक्षा विशेषज्ञ बताते हैं कि इजरायल ने परमाणु बम बना लिया है एवं वह इस दुनिया के सामने इसकी घोषणा नहीं करता है। इन परिस्थितियों में ईरान अमेरिका तथा इजरायल के सामने अलग-थलग पड़ गया है। इसका एक बड़ा कारण मिडिल ईस्ट में शिया तथा सुन्नी समुदाय का आंतरिक विरोध भी है।

इन परिस्थितियों के परिणामस्वरुप यदि ईरान इजरायल पर हमले जारी रखता है तो इजरायल, अमेरिका, यूरोपीय देश और नाटो संगठन ईरान के विरुद्ध हमले करने से पीछे नहीं हटेगें जो किसी भी विश्व युद्ध से कम नहीं होगा। इजराइल ईरान और अमेरिका के युद्ध में मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण भारत के लिए एक कठिन परीक्षा की घड़ी होगी। भारत के संबंध ईरान से बहुत पुराने हैं और वह ईरान से क्रूड ऑयल भी आयात करता है दूसरी तरफ भारत के इजरायल से बड़े अच्छे मैत्रीपूर्ण संबंध रहे है अब भारत को किसी एक देश को समर्थन देना राजनीतिक तौर पर बहुत कठिन एवं असमंजस वाला होगा। दोनों के बीच युद्ध और बढ़ता है तो मिडिल ईस्ट में बड़ी संख्या में रहने वाले भारतीय प्रवासियों तथा ईरान से आने वाले क्रूड ऑयल के मार्ग पर भी बाधा उत्पन्न हो सकती है जिससे पेट्रोल-डीजल भारत में महंगे होकर इस महंगाई और बढ़ सकती है। इसका असर देश की आवश्यक वस्तुओं पर भी पड़ सकते हैं। इसलिए बेहतर यह होगा कि भारत इजरायल-ईरान युद्ध विराम के प्रयासों को बढ़-चढकर समर्थन प्रदान करे।

**-संजीव ठाकुर**

## गुरुवाणी विचार

### बिलावल महला 9

हरि के नाम बिना दुख पावै
भक्ति बिना सहसा नहीं चूके
गुरु के ऐह भेद बतावै (रहाओ
कहा भोग तीरथ बरत कीये, राग सरण नहां आवे
जोग जग निहफल तहि मानयो डो प्रभु जस विसरावै
मान मोह दोनो कौ परहरि, गोविंद के गुण गावै
कहो नानक ऐह विध को प्राणी, जीवन मुक्त कहावै।

इस शब्द द्वारा नौवें नानक गुरु तेगबहादुर जी फरमा रहे हैं कि हमें हरि के नाम सिमरन बिना कभी सुख प्राप्त नहीं हो सकता। हमेशा दुखों की प्राप्ति होती रहेगी। हम चाहे कितने भी कर्मकांड करते रहें, तीर्थों में जाकर स्नान करते रहें सब व्यर्थ है अगर हमने परमात्म चिंतन नहीं किया। साध संगत मैं जाकर कथा कीर्तन श्रवण नहीं किया और उस पर अमल नहीं किया।

गुरवाणी में कहा गया है कि तुम्बी (सूखी लौकी) को पूरे तीर्थों में स्नान करा कर लाया जाए तो भी उसका कड़ुआपन खत्म नहीं होता। यथा-

लौकी अठसठ तीरथ नावै, कौड़ापन तोन जावै। एवं
हिरदे कपट मुख गियानी,
झूठे कहा बिलौवस पानी।

फिर गुरुदेव फरमा रहे हैं कि बिना हरि भजन के हमारी शंकाओं का समाधान नहीं हो सकता। यह गूढ़ रहस्य की बात है इसलिए हरि परमात्मा का सिमरन करते रहना चाहिए। अगर हम मन की बातों में ही चलते रहे तो फिर हमारा इस संसार समुद्र से पार उतरना असंभव है क्योंकि मन तो हर वक्त पांच बटमारों (काम, क्रोध,लोभ, मोह, अहंकार) के अधीन रहता है और यह बटमार उसे प्रभु सिमरन से हमेशा दूर करने में ही लगे रहते हैं और सांसारिक सुख-सुविधाओं में विषय विकारों में ही उसे लगाये रखते हैं। अतएव हमें मन के उलट काम करना पड़ेगा क्योंकि मन कभी नहीं चाहेगा कि अमृतवेले उठ कर स्नान धियान कर प्रभु सिमरन करूं। साध संगत में जाकर कीर्तन, कथा श्रवण करूं परन्तु हमें ये सब करना पड़ेगा क्योंकि बिन हरि भजन नहीं छुटकारा। हमें ऐसे भले लोगों की संगत करनी है जो फूल की तरह कांटों के बीच भी खिलकर भी प्रसन्न रहता है और मीठी सुगंधी प्रदान करता रहता है और टूटने के बाद भी श्रीहरि के चरणों में या किसी के गले का हार बन जाता है। हमें ज्ञानी लोगों की संगत करनी चाहिए जो अधिक पाकर भी कभी गर्व नहीं करते।

हमें हर वक्त यथा शक्ति दूसरों की भलाई ही करनी चाहिए। तीर्थों में स्नान करने, व्रत रखने से कुछ होने वाला नहीं है अगर हमने प्रभु चिंतन में मन नहीं लगाया तो हमारा तीरथ व्रत करना सब व्यर्थ है। गुरवाणी में कहा गया है कि अगर तीर्थ स्नान करने से मन का मैल उतर सकता तो पानी में रहने वाले मेंढक, मछली अन्य जीव जन्तुओं की मुक्ति हो जाती।

तीरथ नहाये न उतरस मैल,
करम धरम सब हऊमें फैल।

इसी प्रकार व्रत करते रहें, तपस्या में जुड़े रहें परन्तु मन सांसारिक चिंताओं में ही डूबा रहे तो भी हमें परमात्मा मिलने वाला नहीं है-

कहां भयो जो दोऊ लोचन मूंद के।
बैठ रहियो बक धियान लगाओ।।

इसलिए हर वक्त प्रभु कीरत का बखान करते रहो। हाथों से अपना सांसारिक काम करते रहो क्योंकि उदर पोषण के लिए भी जरूरी है परन्तु मन को प्रभु चरणों में हर वक्त लगाये रहो। झूठे सांसारिक मोहपाश में मत बंधे रहो।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## सार-समाचार

### गौरव गार्डन में हुआ विहिप का अभ्यास वर्ग




**रायसेन, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद मध्यभारत प्रान्त का जिला अभ्यास वर्ग गौरव गार्डन में संपन्न हुआ जिसमें दो दिवसीय प्रशिक्षण में करीब 150 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जिसमें वर्ग प्रमुख प्रांत गौ सह रक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल द्वारा सत्र लिया गया बोद्धिक सत्र नवीन जोशी संघ से विभाग कार्यवाह द्वारा मार्गदर्शन दिया। सत्संग का विषय सुरेंद्र सिंहजी विभाग सत्संग प्रमुख द्वारा सोशल मीडिया महिमा दुवे व्द्वारा आचार पद्धति नरेश बाल्यान, शारीरिक जिला संगठन मंत्री रघुवीर, संगठन आयाम पुज बद्री प्रसाद पाराशर द्वारा एवं समापन सत्र मलखान सिंह राजपूत प्रांत सह मन्त्री द्वारा लिया गया एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस समापन सत्र पर सभी प्रखंडों से 150 शिक्षार्थी उपस्थिति रहे।

### कुएं का दूषित जल पीने से एक बुजुर्ग की मौत, 10 बीमार

**झाबुआ, देशबन्धु।** थांदला क्षेत्र के खवासा चौकी अंतर्गत भामल गांव में कुएं का दूषित पानी पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य बीमार पड़ गए। सभी बीमार लोगों को पेटलावद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान नाहर सिंह (60 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पेटलावद थाना प्रभारी निर्भयसिंह भूरिया और थांदला के थाना प्रभारी अशोक कनेश तत्काल मौके पर पहुंचे। प्रशासन द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और गांव में दूषित पानी के स्रोत का पता लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी गांव में तैनात कर दी गई है ताकि स्थिति पर नजर रखी जा सके और अन्य लोगों को बीमारी से बचाया जा सके। मामले की सूचना मिलने पर थांदला एसडीएम तरूण जैन भी रविवार सुबह मौके पर पहुंचे और पानी की जांच को लेकर निर्देशित किया। साथ ही बीमार लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी और उन्हें उचित इलाज के लिए भी निर्देशित किया।

### बाइक से गिरकर घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** बिजावर कोतवाली क्षेत्र के सटई के पास बछौनिया में शनिवार की देर रात करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दरअसल तेज रफ्तार कार की हेडलाइट की चकाचौंध से मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे मुकेश यादव 48 वर्ष, उनकी पत्नी उपमा यादव 40 वर्ष और बेटा अंश यादव 16 वर्ष घायल हो गए। ये सभी बिजावर से ग्राम बसारी, एक जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। घायलों को तत्काल उपचार के लिए सटई उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए पुलिस सक्रिय, कर रही संवाद

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस ने जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए सतत भ्रमण शुरू किया है। विशेष रूप से एकांत, जंगलों या दूरदराज क्षेत्रों में स्थित मंदिरों पर अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने मंदिर समितियों, पुजारियों और प्रबंधन से संवाद कर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों ने मंदिर समितियों और पुजारियों के साथ बैठकें कीं, जिसमें आपात स्थिति में त्वरित सहायता के लिए संपर्क नंबर साझा किए गए।

भारी पुलिस बल की मौजूदगी में वनविभाग की बड़ी कार्रवाई

# गुलगांव वनपरिक्षेत्र की 10 हेक्टेयर वनभूमि से हटाया अतिक्रमण




**सांची, देशबन्धु।** नगर से चार किलोमीटर दूर गुलगांव वनपरिक्षेत्र की आरएफ बीट क्रमांक 343 में वर्षों से जारी अतिक्रमण के विरुद्ध वनविभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 हेक्टेयर वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस भूमि पर पिछले कई वर्षों से आठ अतिक्रमणकारी अवैध रूप से काबिज थे। विभाग द्वारा कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद रसूखदार अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाई थी।

हाल ही में विभाग में बड़े पैमाने पर अधिकारियों व कर्मचारियों का तबादला किया गया, जिसके बाद नवनियुक्त अधिकारियों ने त्वरित सख्त कदम उठाते हुए इस अतिक्रमण को हटाने की योजना बनाई। मुख्य वनसंरक्षक राजेश खरे भोपाल एवं रायसेन वनमंडलाधिकारी प्रतिभा शुक्ला के निर्देशन तथा उपवनमंडल अधिकारी सुधीर पटले के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी रविकांत अमृते एवं पूर्व परिक्षेत्र अधिकारी प्रवेश पाटीदार के नेतृत्व में वनकर्मियों की टीम व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों की सहायता से अतिक्रमण हटाया गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी मौके पर उपस्थित रहे। वन अधिनियम की धारा 80 (अ) के तहत कानूनी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई वनभूमि को सुरक्षित रखने के लिए उस पर गार्ड की नियुक्ति की जाएगी तथा गड्ढे खोदकर बड़े स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा, जिससे भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो सके।

गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व अतिक्रमण क्षेत्र में एक तेंदुए की कटीले तार में फंसकर मौत हो गई थी, जिसके बाद अतिक्रमणकारी पर वन्यप्राणी संरक्षण कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने यह भी संकेत दिए कि परिक्षेत्र में अन्य अतिक्रमण स्थलों को भी चिन्हित कर शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने रात में चलाया विशेष कांबिंग अभियान, 35 स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**रायसेन, देशबन्धु।** पुलिस ने रविवार-सोमवार की रात विशेष कांबिंग अभियान चलाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के नेतृत्व में यह अभियान अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। सभी एसडीओपी ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में कार्रवाई की। पुलिस ने इस नाइट कांबिंग के दौरान 35 स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया। साथ ही 60 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। टीम ने 74 संपत्ति संबंधी आरोपियों की जांच की। अभियान के दौरान हिस्ट्रीशीटरों पर विशेष नजर रखी गई। बदमाशों को कड़ी चेतावनी दी गई। पुलिस ने होटल, ढाबे, अस्पताल और एटीएम की जांच की। संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई।



नगर परिषद अध्यक्ष ने की पत्रकारों से चर्चा

# नगर के चहुंमुखी विकास के लिए हम प्रतिबद्धः रेवाराम



सांची, देशबन्धु। नगर परिषद कार्यालय के सभागार में आज नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने प्रेस वार्ता कर नगर की वर्तमान समस्याओं एवं आगामी विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने नगर को विकसित और सुविधायुक्त बनाने के अपने संकल्प को दोहराया। श्री रेवाराम ने बताया कि नगर के चहुंमुखी विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। शहर की कई सड़कों का नवनिर्माण एवं जर्जर सड़कों का पुनः निर्माण कार्य कराया गया है। नगर परिषद कार्यालय का निर्माण कार्य भी तेजी से जारी है। साथ ही नगर को साफ-सुथरा रखने के लिए नियमित प्रयास किए जा रहे हैं। वाटर प्लांट से क्षतिग्रस्त सड़कों पर सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि संबंधित कंपनी को पत्र भेजा गया है, जिसमें कहा गया है कि जहां-जहां सड़कें खोदी गई हैं, वहां यथाशीघ्र मरम्मत कार्य सुनिश्चित किया जाए। बरसात और जलभराव की स्थिति को लेकर उन्होंने बताया कि निचले क्षेत्रों में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए सीएमओ को निर्देशित किया गया है कि अधिक बारिश से पहले वैकल्पिक जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने नाले निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी संबंधित एजेंसी को दिए हैं।

आवारा पशुओं की समस्या पर अध्यक्ष ने कहा कि पशु मालिकों को सूचित किया गया है कि वे अपने पशुओं को बरसात में घरों में रखें। निर्देशों की अनदेखी करने पर कार्यवाही की जाएगी। जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को दिलाया जाएगा। साथ ही अन्य योजनाओं को भी सक्रियता से लागू किया जाएगा। बिजली व्यवस्था को लेकर उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की बिजली समस्या को लेकर संबंधित विभाग को पत्र भेजा जा रहा है। वहीं, राजमार्ग पर क्षतिग्रस्त रैलिंग की मरम्मत कराने की मांग भी की गई है जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

नगर के भीतर विकास कार्यों जैसे नाली व सड़कों की आवश्यकता वाले क्षेत्रों में शीघ्र स्टीमेट बनाकर कार्य शुरू किए जाने की बात कही गई है। आगामी पीआईसी बैठक में जनहित से जुड़े प्रस्ताव पारित कर समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गौशाला निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। यह निर्माण पुरनिया तालाब क्षेत्र में प्रस्तावित है, जिसका सौंदर्यीकरण कार्य भी प्रगति पर है। अंत में अध्यक्ष श्री रेवाराम ने यह भी बताया कि रेलमंत्री को ज्ञापन भेजने की तैयारी की जा रही है, जिससे सांची में ट्रेन स्टॉपेज की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी के सहयोग से सांची नगर को एक आदर्श नगर बनाया जा सके। इस दौरान नप उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पार्षद अमित जोशी, सुनील जैन, रघुवीर सिंह चौहान, बंटी मेहरा, शुभम तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सड़क पर गड्ढे को बचाने कार चालक ने लगाया ब्रेक, बस ने मारी टक्कर

**रायसेन, देशबन्धु।** सागर रोड सागर तिराहे के पास रविवार को एक को हादसा हो गया। सड़क पर बने गड्ढे से बचने के लिए कार चालक ने ब्रेक लगाया। इस दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार का पिछला शीशा चकनाचूर हो गया और कार को भी नुकसान पहुंचा। कार में रायसेन के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ऐसी अग्रवाल और उनका बेटा सवार थे। गनीमत रही दोनों को कोई चोट नहीं आई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने शक्ति ट्रैवल्स की बस को सागर तिराहे पर रोक लिया। बस मालिक ने कार की क्षति की भरपाई का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला थाने तक नहीं पहुंचा, हालांकि पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर बिजली का खंभा लगाने के लिए खुदाई की गई थी। इससे बना गड्डा लंबे समय से भरा नहीं गया है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।



### बिजली की आंखमिचौली से ग्रामीण त्रस्त

**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की लगातार कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। परेशान ग्रामीणों ने चेतावनी दी है, यदि तीन दिन में सुधार न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इन दिनों दिन-रात में 15 से 20 बार बिजली का आना-जाना आम हो गया है, जिससे गर्मी और उमस में बिना पंखे, कूलर या एसी के रहना असंभव हो रहा है। बिजली विभाग की लापरवाही और जर्जर व्यवस्था के खिलाफ रविवार को आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण हरपालपुर बिजली वितरण केंद्र पहुंचे। कर्मचारियों ने ताला लगाया और भाग गए। उल्लेखनीय है सरसेड़, गलान, लहदरा, मडोरी, चपरन, काकुनपुरा, और कैथोकर जैसे गांवों में बिजली की स्थिति बद से बदतर है। झूलते तार, पुराने ट्रांसफॉर्मर और घटिया मरम्मत ने बिजली आपूर्ति को नाममात्र का बना दिया है। सरसेड़ गांव के भैया राजा, जितेंद्र सिंह सेंगर, भगवत नारायण यादव, विशाल सिंह, और राजेश पटेरिया सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि रातभर बिजली गायब रहती है।

**हवाई जहाज, ट्रेन सहित 4 बार मोटरसायकल और एक बार सायकल से ठाकुर कर चुके है यात्रा**

# 1996 से निरंतर अमरनाथ यात्रा, इस बार पैदल रवाना



**देवास, देशबन्धु।** शहर के आनंद सिंह ठाकुर वर्ष 1996 से निरंतर अमरनाथ यात्रा कर रहे है। श्री ठाकुर हर वर्ष अमरनाथ की यात्रा तो करते ही है साथ में अन्य भक्त जो अमरनाथ जाते है उनकी हर प्रकार से सहायता भी करते है। श्री ठाकुर चार बार मोटर सायकल व एक बार सायकल से अमरनाथ की यात्रा कर चुके है और इस वर्ष वह पैदल अमरनाथ यात्रा के लिए निकले है। 21 जून की अल सुबह शुरू हुई यात्रा से लंबा सफर तय कर ठाकुर अगस्त माह के अंतिम दिनों में यात्रा पूर्ण कर पवित्र अमरनाथ गुफा में दर्शन करेंगे।

शहर के ठाकुर वर्ष 1996 से निरंतर अमरनाथ यात्रा कर रहे है। बीच में कुछ वर्ष ऐसे भी आए जिनमे यात्रा की परिस्थिति अच्छी नहीं थी परंतु ठाकुर के दृढ़ संकल्प के सामने वह कुछ भी नहीं थी कठिन से कठिन परिस्थितियों, प्राकृतिक एवं मानवीय आपदा काल भी उनकी अमरनाथ धाम की अनवरत पवित्र यात्रा को रोक नहीं पाया। एक बार तो जब यात्रा के दौरान आतंकी हमला हुआ था उस समय ठाकुर उनके अन्य साथी वही मौजूद थे। अमरनाथ पर आतंकी हमले हुए लेकिन ठाकुर के अमरनाथ यात्रा पर जाने का सिलसिला नहीं रुका। वही वर्ष 2020 व 2021 जब वैश्विक संकट कोरोना काल था तब भी वह नही रुके और अमरनाथ यात्रा पर जाने का फैसला किया। वर्ष 2020 में वह पठानकोट तो वर्ष 2021 में वह यात्रा के दौरान बालटाल तक ही जा सके थे। श्री ठाकुर बताते है जब तक उनकी सांसे चलती रहेगी और शरीर साथ देगा तब तक वह बाबा अमरनाथ की पवित्र यात्रा करते रहेंगे। ठाकुर वर्ष 1996 से निरंतर करने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए अलग अलग माध्यम से यात्रा संपन्न की है जिसमे ठाकुर ने हवाई जहाज, ट्रेन, चार पहिया वाहन के साथ चार बार मोटर सायकल के साथ यात्रा संपन्न करने के बाद ठाकुर इस वर्ष पैदल अमरनाथ यात्रा पर निकलें है।

# पहाड़ों के बीच से गुजरती उम्मीदों की ट्रेन: कश्मीर की रेल क्रांति

• **जया वर्मा सिन्हा**

(पूर्व सीईओ और रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष)

जून के एक खुशगवार दिन, गेंदे के फूलों और राष्ट्रीय गौरव से लदी हुई वंदे भारत एक्सप्रेस ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर तक अपनी पहली यात्रा शुरू की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा झंडी दिखाए जाने के बाद, यह क्षण एक हाई-स्पीड ट्रेन के शुभारंभ से कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण बन गया था। यह एक सदी पुराने सपने की परिणति थी ङ्क जो चट्टानी इरादों, दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प से बुनी गयी थी। और वह संकल्प था - कश्मीर का शेष भारत के साथ रेल एकीकरण। इस ट्रेन में यात्रा कर रहे लोगों के खुशनुमा चेहरों से यह साफ़ दृष्टिगोचर हो रहा है।

अल्ट्रा आधुनिक यात्रा अनुभव के साथ कश्मीर जाने वाली यह ट्रेन हमारे इंजीनियरों के परिश्रम की ठोस नींव पर आधारित है। यात्रा के समय में कमी लाते हुए, यह हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनें दिन में दो बार, सप्ताह में छह बार दोनों तरफ़ से चल रही हैं। ये न केवल घाटी में स्थानीय आर्थिक विकास के लिए आवश्यक प्रोत्साहन दे रही हैं, बल्कि देश भर के पर्यटकों के लिए भी वरदान साबित हो रही हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ तीन घंटे के कम समय की इस मनमोहक यात्रा ने वास्तव में पर्वतीय कश्मीर को सभी मौसमों में शेष भारत के साथ एकीकृत कर दिया है। सड़क मार्ग से इस यात्रा में छह से सात घंटे लग जाते हैं। दशकों से, कश्मीर की कहानी संघर्ष और दूरी के नजरिये से सुनी जाती रही है। यह देखना अब उत्साहजनक है कि यह इबारत बुनियादी ढांचे - पुल, सुरंग और पहाड़ों के बीच से गुजरती रेल लाइनों की भाषा में फिर से लिखी जा रही है। केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के शासन के 11 साल पूरे होने की पूर्व संध्या पर, विशेष ट्रेनें और कनेक्टिंग लिंक कश्मीर में स्थानीय लोगों की नियति बदलने के लिए कमर कसकर तैयार हैं। राष्ट्र की सेवा के अपने 172 साल के इतिहास में, भारतीय रेल ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। रेल से जुड़ी, पुरुषों और महिलाओं की समर्पित पीढ़ियों ने संपर्क और परिवहन को रोजमर्रा की हकीकत बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। लेकिन यह एक विख्यात भारतीय विज्ञापन की एक मशहूर पंक्ति को चरितार्थ भी करती है- भारतीय रेल सिर्फ पटरियां नहीं बनाती ङ्क यह राष्ट्रीय एकता का ताना-बाना भी बुनती है!

**अलगाव से एकीकरण तक:** ऐतिहासिक रूप से देखें तो कश्मीर का अलगाव केवल रूपक भर नहीं था, बल्कि यह भौगोलिक और कष्टदायी रूप से वास्तविक भी था। हिमालय की ऊंचाइयों पर बसा और अक्सर हफ्तों तक बर्फ से ढका रहने वाला यह क्षेत्र न केवल पहुंच में बल्कि अनुभव में भी दुर्गम था। सड़कें खतरनाक थीं, हवाई यात्रा सीमित थी और लंबे समय से किया जा रहा पूर्ण रेल संपर्क का वायदा एक मृगतृष्णा बनकर रह गया था।

कश्मीर रेल लिंक के लिए ब्रिटिश काल का प्रस्ताव दशकों तक ड्राइंग बोर्ड पर सीमित रहा, जो जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों से बाधित था। विचार-विमर्शों, व्यवहार्यता अध्ययनों, तकनीकी मूल्यांकनों और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ परामर्शों के अनगिनत दौर के बाद, उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) को आधिकारिक तौर पर 1994 में मंजूरी दी गई थी। उत्तरी और दक्षिणी अनुभागों में जहां निरंतर प्रगति होती रही और एक दशक के भीतर वे प्रभावी रूप से पूरे भी हो गए, कटरा से बनिहाल तक के केंद्रीय अनुभाग में हिमालय से जुड़ी कई इंजीनियरिंग और सुरक्षा चुनौतियां सामने आईं। वर्षों तक पहाड़ों की खाई से गुजरती यह रेल लाइनें दो अलग-अलग खंडों के रूप में बाधित रहीं। लेकिन यह खाई केवल भौतिक भूभाग से ही जुड़ी नहीं थी, बल्कि यह किसी और चीज की भी प्रतीक थी। यूएसबीआरएल परियोजना को पूरा करने का अंतिम ठोस प्रयास तब हुआ जब सरकार ने इसे राष्ट्रीय प्राथमिकता घोषित किया। दृढ़ संकल्प और अत्याधुनिक तकनीक के समन्वय से काम करने के बाद आखिर इस परियोजना ने वास्तव में आकार ले ही लिया। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बिलकुल सटीक टिप्पणी की; यह एक परिवहन पहल भर नहीं थी, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक प्रयास थी।



**जहां आसमान पर छाया है इस्पात:** यूएसबीआरएल परियोजना शायद आज़ादी के बाद की सबसे महत्वाकांक्षी रेल पहल है। उधमपुर और बारामूला के बीच 272 किलोमीटर का यह हिस्सा 40 सुरंगों और 900 से ज़्यादा पुलों से होकर गुज़रता है। और इस सबके बीच में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है - चिनाब ब्रिज - जो नदी के तल से 359 मीटर ऊपर विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। इंजीनियरिंग का यह चमत्कार 260 किलोमीटर प्रति घंटे की हवा की रफ़्तार और भूकंपीय क्षेत्र-ङ्क के झटकों को झेलने में सक्षम है। इसके बगल में अंजी खाद ब्रिज है, जो भारत का पहला केबल-स्टेड रेलवे ब्रिज है। यह घाटी में असमान रूप से फैला हुआ है, सिंगल पायलन इसका आधार है और यह 96 केबलों द्वारा समर्थित है।

पीर पंजाल रेंज से गुजरने वाली 11 किलोमीटर लंबी टी-80 (बनिहाल - काजीगुंड) सुरंग सहित अन्य सुरंगों का निर्माण डायनामाइट और इन्सानी क्षमता के जरिये चट्टान को तराश कर किया गया है। भौतिक सर्वेक्षण घोड़े पर सवार होकर किए गए, जबकि ड्रोन और सैटेलाइट इमेजिंग ने हवाई सर्वेक्षण में सहायता प्रदान की। श्रमिकों ने हाड़ कंपकपाती सर्दियों, आकस्मिक भूस्खलनों और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों के मंडराते खतरे के बावजूद अनथक काम किया। आज, 190 किलोमीटर से अधिक सुरंगों और हजारों टन स्टील लगने के बाद, यह लाइन पूरी तरह से तैयार है। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जो सटीक इंजीनियरिंग को विजन की एक निश्चित साहसिकता के साथ जोड़ती है। यह घाटी को देश के बाकी हिस्सों से विशिष्ट प्रकार से जोड़ती है, जिसका एक महान सांकेतिक महत्व है।

**उम्मीद से भरी ट्रेन:** कई मायनों में, वंदे भारत एक्सप्रेस सिर्फ़ एक ट्रेन नहीं है - यह एक रूपक है। यह घास के मैदानों और घाटियों से चुपचाप गुज़रती है, वास्तविक और मनोवैज्ञानिक दोनों तरह की दूरियों को पाटती है और यह ऐलान करती है कि कश्मीर अब दूर नहीं रहा!

इसने श्रीनगर और कटरा के बीच यात्रा के समय को लगभग छह घंटे से घटाकर सिर्फ़ तीन घंटे कर दिया है। जो कभी भूस्खलन, खतरनाक मोड़ और अप्रत्याशित मौसम के बीच एक दुर्गम सड़क यात्रा थी, वह अब सुरंगों और पुलों के माध्यम से एक अविश्वसनीय सुगम यात्रा बन गयी है। यह न केवल शहरों को, बल्कि जीवनों को भी जोड़ती है। दूर-दराज के गांवों के बच्चे अब जम्मू और दिल्ली के विश्वविद्यालयों के बारे में बात कर रहे हैं। स्थानीय कारीगर, सेब उत्पादक और कालीन बुनकर अब अपने ताज़ा उत्पादों को त्वरित गति से घाटी से परे दूरदराज के बाज़ारों तक पहुंचते हुए देख रहे हैं। श्रीनगर में एक युवा दुकानदार ने कहा, जहां पहले चेकपॉइंट होते थे और उससे खासी देरी होती थी, वहां अब ट्रेन की आवाज़ गूंज रही है। ऐसा लगता है कि अब हम देश के बाकी हिस्सों के आने का इंतज़ार नहीं कर रहे हैं - हम उसके साथ चल रहे हैं।

**एक नई यात्रा, विकास प्रक्रिया अभी भी जारी:** इसका मतलब यह बताना नहीं है कि एक ट्रेन कश्मीर की जटिल समस्याओं का समाधान कर देगी। बुनियादी ढांचा इतिहास को मिटा नहीं सकता या घावों को तुरंत ठीक नहीं कर सकता - सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर अभी भी ध्यान देने की आवश्यकता होगी। लेकिन यह - शाब्दिक और प्रतीकात्मक - दोनों तरह से दरवाजे खोल सकता है और आर्थिक, सामाजिक श्चऔर अंततः भावनात्मक एकीकरण की नींव रख सकता है। औपनिवेशिक कार्यालयों में ड्राइंग बोर्ड पर कभी एक सपने के रूप में जो आरंभ हुआ, वह हिमालय की चट्टानों के साथ मिलकर और स्टील से बनी श्चरेलगाड़ियों के रूप में आज एक वास्तविकता बन गया है। कश्मीर तक रेल लाइन एक ऐसे देश की कहानी है जिसने भूभाग, आतंक या समय की सीमा की परवाह नहीं की। पहाड़ों की छाया से लेकर सूरज की रोशनी से जगमगाते स्टेशनों तक, अब एक नई यात्रा शुरू हो गई है!

## सार समाचार

### किराना दुकान में दीवार तोड़कर चोरी



**सिरोंज, देशबन्धु।** शनिवार रात 1 बजे के बाद किराना दुकान की दीवार फोड़कर चोर दुकान में दाखिल हुआ ओर नक़दी व राजश्री गुटखा के पाउच चुरा ले गया। घटना दुकान में लगे सीसी टीवी में कैद हो गईं है। रोल पूरा चौराहे पर राजकुमार साहू की भविष्य किराना स्टोर नाम से किराना दुकान है। शनिवार रात 1 बजे बाद दुकान के पीछे की दीवार फोड़कर चोर इसमें घुस गया। राजकुमार के अनुसार करीब 40 हजार रुपए ओर चिल्लर व दो पीपे भरकर राजश्री गुटखा के पाउच चोरी हो गए है, कुल मिलाकर लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान के पीछे तरफ खाली खेत व सीढिया बनी हुईं हैं। सीढ़ियों पर बैठकर चोर ने दुकान की पीछे की दीवार की इंटे निकाल कर डेढ़ बाई डेढ़ फ़ीट की जगह बना ली, फिर पहले पैर इस जगह से दुकान के अंदर डाल दिए ओर धीरे धीरे दुकान के भीतर कूद गया द्य यह घटना दुकान में लगे सीसी टीवी में कैद हो गईं हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छान बीन की ओर दूकानदार को सीसी टीवी रिकार्डिंग लेकर थाने आकर रिपोर्ट लिखाने बोला।

### हजयात्रा से वापस लौटने पर किया स्वागत



**आष्टा, देशबन्धु।** हज का मुकद्दस सफर पूरा कर हाजियों ने वापस लौटना शुरू कर दिया है। मुस्लिम धर्मावलम्बी जिल हिज्जा महिने में हज यात्रा पर जाते हैं, जो कि वर्ष में एक बार होती है। नगर से भी बड़ी संख्या में लोग हज यात्रा पर गए थे, जो कि हज यात्रा पूरी कर वापस लौट रहें हैं। इसी क्रम में काजीपुरा निवासी शेख अशवाक हज यात्रा से वापस लौटे। उनके वापस लौटने पर मोहल्ले वासियों ने हर्ष व्यक्त किया एवं मिठाई खिलाकर, माला पहना कर सम्मान किया। इस मौके पर जहूर मंसूरी, इसराईल मंसूरी, मोहम्मद सादिक, इम्तियाज, मु%ताक, सउद एवं शकील शामिल रहे।

### भागवत कथा आज से

**सिरोंज, देशबन्धु।** श्री राधा रमण लाल जू सेवा समिति के तत्वाधान में स्थानीय अनंत श्री गार्डन कुरवाई रोड पर सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।आज प्रात: 10 बजे हनुमान मंदिर से गार्डन तक कलश यात्रा निकाली जावेगी व दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक बाल विदुषी विष्णु प्रिया अविजी कथा व्यास के रूप में कथा कहेंगी। कथा विश्राम हवन एवं पूर्णाहुति आगामी 29 जून को संपन्न होगी।

### मनरेगा नियमों का उल्लंघन

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के आरोप, बाहरी मजदूर कर रहे काम





**गंजबासौदा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्र गंजबासौदा के अंतर्गत आने वाली उदयपुर ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन आरसीसी सड़क पर घटिया निर्माण के गंभीर आरोप लग रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण में शासकीय मापदंडों का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

सड़क निर्माण में सीधे मिट्टी के ऊपर बेस डाला गया है, वो भी केवल दो से ढाई इंच। बेस डालने के लिए भी घटिया स्तर का मिक्स मटेरियल उपयोग किया जा रहा है, जिसमें न तो रेत का उपयोग हुआ है और न ही गिट्टी का। सीमेंट की बात करें तो, बेस के निर्माण में सीमेंट नाममात्र का ही मिलाया गया है। जब मीडिया की टीम मौके पर पहुंची, तो उन्हें न तो वहां वाइब्रेटर मिला और न ही कोई बेस की कुटाई करते दिखाई दिया, जो गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए आवश्यक है।

उक्त निर्माण कार्य के दौरान सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि सड़क निर्माण के कार्य में लगे मजदूर कटनी जिले के हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश काम मनरेगा के माध्यम से होता है, जिसमें जॉबकार्ड धारी ग्राम पंचायत के ही मजदूर काम करते हैं।

इस पूरे मामले में जब ग्राम पंचायत के सचिव को फोन लगाया और घटिया निर्माण तथा कटनी के मजदूरों के बारे में पूछा, तो सचिव ने कहा कि गांव के मजदूर काम करने को तैयार नहीं हैं, इसलिए बाहर की लेबर से कार्य कराया जा रहा है। हालांकि, सचिव ने घटिया सामग्री और घटिया निर्माण पर यह कहते हुए चुप्पी साध ली कि पूरा कार्य उदयपुर के सरपंच प्रतिनिधि करवा रहे हैं और उनसे बात करने को कहा।

**आंगनबाड़ी में रुके हैं मजदूर, किसने दी अनुमति**

मीडिया सदस्यों ने जब सड़क निर्माण में लगे मजदूरों से बात की, तो मजदूरों ने बताया कि वे कटनी और दमोह के मूल निवासी हैं और वे सड़क निर्माण के लिए आए हैं। उन्होंने बताया कि वे उदयपुर की ही आंगनबाड़ी में रुके हुए हैं। मजदूरों ने अपने नाम शंकर लाल कटनी दमोह, सावित्री बाई कटनी, प्रीति बाई कटनी, रोशनी कौल कटनी, लक्ष्मण कौल कटनी ननवारा सहित करीब आधा दर्जन मजदूर बताए। यह अब जांच का विषय है कि आंगनबाड़ी में इन मजदूरों को रुकने का स्थान किसने दिया और किसके कहने से दिया, क्योंकि आंगनबाड़ी तो छोटे बच्चों के लिए होती है। अगर यहां मजदूर निवास कर रहे हैं, तो आंगनबाड़ी कहां संचालित हो रही होगी? इस पूरे मामले में उदयपुर के सरपंच और सचिव की मिलीभगत से एक बड़ी गड़बड़ी सामने आ रही है।

**इनका कहना है**

हाल ही में मुझे उदयपुर क्षेत्र का प्रभार मिला है। आपके द्वारा उदयपुर में सीसी सड़क के घटिया निर्माण की बात बताई है, मैं सोमवार को ही उदयपुर जाकर सड़क का निरीक्षण व मूल्यांकन करूंगा, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**ऋषि शर्मा, उपयंत्री**

## कोठरी के स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**आष्टा, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश के अनुसार शाउमावि कोठरी मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वति के चित्र पर माल्यापर्ण किया गया। ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशाखापटनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल से योग दिवस पर भाषणों का सीधा प्रसारण सुना गया।

इस योग दिवस के लिए 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम निर्धारित की गई है। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे छात्रो भाग लिया योग दिवस पर पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति,मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल,पार्षद शिशुपाल वर्मा,सुनील केलिया,सीएमओ नरेंद्र जाटव ने योग क्रियाएं की ।योग कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय ने बताया कि प्रतिदिन योग करने से मन एवं शरीर स्वस्थ्य रहता है। शासन द्वारा इस वर्ष वृहद पैमाने पर पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए है। संयुक्त राष्ट महासभा द्वारा योग को एक वैश्विक पहचान भारत ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई है, इसका परिणाम है, कि प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। आज हम सभी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सहभागिता कर रहे है। नगरपरिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेष्याम दलपति ने कहा कि व्यक्ति को अपने शरीर एवं स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। अपने शरीर एवं मन स्वस्थ्य रखने के लिए प्रतिदिन अभ्यास करें वह खुद स्वस्थ्य रहेगा तो वह समाज एवं परिवार में भी योग करने के लिए प्रेरित कर सकेंगा। व्याख्याता डालूराम कासन्या ने संबोधित करते हुए कहा कि योग एक शारीरिक एवं आत्मिक क्रिया है, भारत सरकार ने योग की विभिन्न गतिविधियों के आधार पर योगभ्यास को महत्व दिया है। कार्यक्रम का संचालन शाला के शिक्षक जीतमल मेहता द्वारा किया गया। वही आभार व्यक्त उच्च माध्यमिक शिक्षक नरेश लखाया ने किया। इस अवसर पर संस्था के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## चैक अनादरण मामले में न्यायालय ने आरोपी को किया दोषमुक्त

**आष्टा, देशबन्धु।** न्यायालय में चैक अनादरण के मामले में न्यायाधीश नदीम जावेद खान ने अभियुक्त धन सिंह पिता घीसुलाल मालवीय निवासी पारोलिया पार को दोष मुक्त किया है। एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा आष्टा ने अभियुक्त के विरुद्ध चैक अनादरण का प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया था कि अभियुक्त ने 01 दिसम्बर 2013 को एच.डी.एफ.सी. बैंक से लिए गए ऋण की वसूली के लिए भुगतान हेतु अपने खाते का एक चैक 10 अप्रैल 2018 को बैंक के पक्ष में जारी किया था, जो बैंक द्वारा प्रस्तुत करने पर अनादृत हो गया था । बैंक ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में धन सिंह के विरुद्ध धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, में परिवाद पेश किया । न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने एवं साक्ष्य संग्रहित कर अभियुक्त के विद्वान अधिवक्ता योगेश पटेल के तर्कों से सहमत होकर इस निष्कर्ष पर अभिमत दिया कि बैंक द्वारा प्रस्तुत परिवाद पत्र में उल्लेखित चैक की राशि का बैंक द्वारा स्पष्टीकरण कर साबित नहीं हो सका, बैंक न्यायालय में अपना दावा सिद्ध नहीं कर पाया, न्यायलय द्वारा अभियुक्त को चैक अनादरण के आरोप से दोषमुक्त किया गया।

## महिलाओं को योग सिखवाया और बताए फायदे



**आष्टा, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अखिल भारतीय मारवाड़ी महिलाओं द्वारा करे योग रहे निरोग के साथ योगा का आयोजन किया। उक्त आयोजन सरोज रामेश्वर खंडेलवाल के निवास पर सर्वप्रथम संगठन प्रमुख विजयलक्ष्मी गणेश उपाध्याय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। तत्पष्चात महिलाओं को सामूहिक योग करवाया ।इस अवसर पर वरिष्ठ सलाहकार श्रीमती विजयलक्ष्मी उपाध्याय ने एवं सरोज पालीवाल ने सभी उपस्थित महिलाओं को योग सिखाया और योग से होने वाले फायदे के बारे में बताया । इस आयोजन में अध्यक्ष श्रीमती रानी सोनी, मीना श्रीवास्तव , सरोज खंडेलवाल सुनीता ऐलजपुरिया, अनिता शर्मा वैशाली खंडेलवाल, नम्रता मुंद्ड़ा, ऋतु सोनी, वीना पीरोहित, उषा तिवारी, शारदा सोनी, विजयलक्ष्मी उपाध्याय व महिला सशक्तिकरण प्रमुख स्मिता मूंदड़ा उपस्थित रही।

## 27 को निकलेगी जगन्नाथ रथयात्रा, समिति का किया स्वागत



**आष्टा, देशबन्धु।** जिले की सांस्कृतिक विरासत में भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथयात्रा भी शुमार है । परमार समाज द्वारा लगभग सात दशक पूर्व पुनर्निर्मित भगवान जगन्नाथ के पुरातन मन्दिर से यह वार्षिक रथयात्रा विगत 65 वर्षों से अनवरत निकाली जाती है। प्रत्येक वर्ष आषाढ़ शुक्ल दूज को निकलने वाली रथयात्रा में परमार समाज सहित सभी वर्ग के श्रद्धालु उत्साह से शामिल होते हैं । इस वर्ष यह 27 जून को निकलेगी। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसी सिलसिले में रथयात्रा चल समारोह के अध्यक्ष सुरेश परमार गब्बर और समिति के पदाधिकारी पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार को निमंत्रण सौंपने आष्टा पहुंचे। सुरेश परमार ने बताया कि क्षत्रिय परमार समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सूरज प्रसाद परमार और समाज के मंडलोई चंदरसिंह परमार की अगवाई में रथयात्रा निकाली जाएगी । जिले के सभी नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्टर और पम्पलेट के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जा रहा है । पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने निमन्त्रणकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि धार्मिक परम्पराओं का निर्वहन करना और संस्कृति को बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि हम सभी वर्ग के लोगों को इस आयोजन से जोड़ने का सार्थक प्रयास करें । कैलाश परमार ने अपने कार्यालय में आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश परमार गब्बर तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य दशरथसिंह पटेल ,अर्जुनसिंह परमार आदि का शाल एवम पुष्पमाला से स्वागत किया। श्री परमार ने 27 जून को सीहोर में निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में सभी श्रद्धालुओं के शामिल होने का आग्रह किया है ।

## कलेक्टर ने कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित




**सीहोर, देशबन्धु।** कलेक्टर बालागुरू के. ने नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल जीतने वाले और देश का नाम रोशन करने वाले कराटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि यदि दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर मेहनत की जाए तो सफलता निश्चित ही मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर आसीमित क्षमताएं होती है, बस अपनी उन क्षमताओं को पहचानना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, केवल उन्हें अवसर प्रदान करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि सीहोर स्थित मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के दो दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में पायल बागवान ने गोल्ड मेडल जीता है और सात अन्य खिलाडियों ने भी मेडल जीते हैं।

## जुम्मापुरा मोहर्रम कमेटी के सदर बने शाहिद



**आष्टा, देशबन्धु।** मोहर्रम का त्यौहार मनाने के लिए जुम्मापुरा कमेटी द्वारा एक मीटींग जमातखाना में रखी गई, जिसमें सर्वसम्मति से शेख शाहिद को कमेटी का सदर बनाया गया, वहीं नायाब सदर पार्षद जाहिद गुड्डु, खजांची शेख चांद मिया, सेकेट्री वसीम उर्फ विक्की को बनाया गया। सरपरस्त में प्यारे भाई ठेकेदार, शेख मुश्ताक, शेख अंसार, शेख रईस फुफा, सनव्वर पठान, वक्फ़ बोर्ड तहसील के अध्यक्ष मिर्जा फारूक बैग, शेख हनीफ, मुनव्वर पठान की उपस्थिति में कमेटी गठित की गई। मोहर्रम कमेटी के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से शेख नदीम, नवाब बेरी, सलीम पठान, शेख उवेस, तोफीक, शेख रिजवान, अन्नू पटेल, मोहल्ला सदर शारूख बेरी, शेख नईम, शेख समीद, शेख सलमान, नईम पठान शामिल है।

## आर्यिका सुदृष्टिमति ने आष्टा से इछावर के लिए किया मंगल विहार



**आष्टा, देशबन्धु।** इस संसार सहित अपने देश व प्रदेश में सुख–शांति और समृद्धि बनी रहे। धर्म आराधना नित्य कर साधु –संतों का सानिध्य मिलने पर पुण्य अर्जित करें। हमारे लिए गुरु आज्ञा ही सर्वोपरि है,हमारा चातुर्मास कहा होगा, इसका निर्णय हम नहीं हमारे गुरुदेव आचार्य श्रेयांश सागर मुनिराज करते हैं। दुर्लभतम मनुष्य भव प्राप्त हुआ है इसे ऐसे ही नहीं बीताएं। हमारे भाग्य में जहां का,जितने दिन का आहार पानी लिखा है, उतने दिन हमारा वहां पर विश्राम रहता है।

आष्टा में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर सहित सभी जिनालयों में भगवान के दर्शन करने से एक अलग ही अनुभूति होती है। उक्त बातें नगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर से इछावर के लिए मंगल विहार करते हुए आचार्य श्रेयांश सागर मुनिराज जी की परम प्रभाविका शिष्या आर्यिका सुदृष्टि मति माताजी ने ग्राम भंवरा में समाज जनों से कहीं। उन्होंने कहा कि अपने जीवन को सावधानी पूर्वक बिताएं। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और मोबाइल का उपयोग नहीं करें। अतिआवश्यक मोबाइल आने पर वाहन को रोककर एक तरफ वाहन खड़ा करके बात करें। आर्यिका सुदृष्टि मति माताजी ने कहा कि हमेशा ऐसा काम करें जिससे किसी को नुकसान नहीं हो तथा कोई जीव हिंसा न हो। चातुर्मास के दौरान आपको आष्टा में जिन संतों का सानिध्य मिलता है उनकी अच्छी तरह से सेवा कर पुण्य अर्जित करें। भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर चलकर आत्म कल्याण करना चाहिए। आर्यिका सुदृष्टि मति माताजी के द्वारा 23 जून सोमवार को अपने केश लोचन भंवरा में किए जाएंगे। जैन धर्म में साधु –संतों द्वारा अपने हाथों से किया जाने वाला केश लोचन बहुत ही कठोर तपस्या है। जिसे सोमवार 23 जून को ग्राम भंवरा सहित आस–पास के श्रद्धालु अपनी आंखों से देखेंगे।

### देशभर से सौ से अधिक प्रतिभाशाली फूटबाल खिलाड़ियों ने लिया भाग

# चर्च ग्राउंड पर एमपीपीएल सीजन-6 के ट्रायल्स का हुआ आयोजन




**सीहोर, देशबन्धु।** शहर के चर्च मैदान पर सालों से नि:शुल्क रूप से फुटबाल खेल की गतिविधियां जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसके अलावा हर सप्ताह प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रविवार की सुबह एपीपीएल सीजन–6 का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल थे। चयन के दौरान एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि बड़ी संख्या में खेल प्रशिक्षक शामिल थे। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बिल्ड अप स्पोर्ट्स एफसी के तत्वाधान में जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से, मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग सीजन 6 के लिए चयन ट्रायल्स का आयोजन सीहोर के ऐतिहासिक चर्च ग्राउंड पर भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस आयोजन में देशभर से 100 से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ी इंदौर, देवास, उज्जैन, भोपाल, सीहोर, झांसी, कटनी, बालाघाट, बीना सहित अन्य राज्यों और जिलों से बड़ी संख्या में पहुंचे, जिससे ट्रायल्स को एक राज्य स्तरीय नहीं बल्कि अखिल भारतीय स्वरूप प्राप्त हुआ। इस आयोजन की सफलता में डीएफए की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। एसोसिएशन के सचिव श्री कन्नोजिया ने न केवल आयोजन की निगरानी की बल्कि समापन पर खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए उनका आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सीहोर जैसे छोटे शहर में इतने व्यापक स्तर का आयोजन डीएफ की प्रतिबद्धता और बिल्ड अप स्पोर्ट्स एफसी की दूरदृष्टि का प्रमाण है।

चयन समिति में फुटबॉल क्षेत्र के अनुभवी प्रशिक्षकों ने भाग लिया, जिनमें शामिल थे। विपिन पवार–कोच, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सुमित तोमर, अतुल यादव–हेड कोच, बिल्ड अप स्पोर्ट्स एफसी, अल्तमश खान–कोच, बिल्ड अप स्पोर्ट्स एफसी इन चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का गहन और निष्पक्ष मूल्यांकन किया। ट्रायल्स पूरी तरह पारदर्शी, प्रतिस्पर्धात्मक और तकनीकी मानकों के अनुरूप संपन्न हुए।

# खेल जगत

## शुक्ल ने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का किया शुभारंभ

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का शुभारंभ किया। 'नशा छोड़ो-खेल-खेलो' थीम पर आधारित इस चैम्पियनशिप का आयोजन हिमाचल प्रदेश प्रोफेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। श्री शुक्ल ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे राजा वीरभद्र सिंह की याद में इस चैम्पियनशिप का आयोजना करवाना उनके प्रति लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि है। दूरदर्शिता और समर्पण भाव से परिपूर्ण उनका जीवन, प्रदेश के लोगों को पीढ़ी दर पीढ़ी प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वह हिमाचल के दूरदर्शी नेता होने के साथ-साथ राजनीति के दिग्गज थे जिन्होंने हिमाचल प्रदेश के समग्र विकास में अमूल्य योगदान दिया।



# पंत नंबर 5 पर लगातार कर रहे बेहतर प्रदर्शन : रवि शास्त्री

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध हैं और उन्होंने नंबर 5 पर उनकी निरंतरता की सराहना की।

भारत के उप-कप्तान ने अपना सातवां टेस्ट शतक और इंग्लैंड में तीसरा शतक लगाया, जो किसी भी मेहमान विकेटकीपर द्वारा बनाया गया सर्वश्रेष्ठ है। अब वह भारत के लिए विकेटकीपर के रूप में सबसे अधिक टेस्ट शतकों का रिकॉर्ड रखते हैं, जो एमएस धोनी के छह शतकों से आगे निकल गए हैं। शास्त्री ने बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा कि सबसे पहले, वह कमाल के हैं। मैंने पहले दिन भी ऐसा देखा। और मुझे जो दिखा, वह पसंद आया। क्योंकि वह बाकी खिलाड़ियों से



अलग हैं। वह अपनी शर्तों पर खेलते हैं। कई बार, वह नंबर गेम खेलते हैं। कई बार, वह वही करते हैं जो उनका मन कहता है। मेरे लिए ऋषभ पंत ऐसे ही हैं। उन्होंने कहा कि यह एक पैकेज है। टेस्ट मैच में यह बेहद खतरनाक हो सकता है। और मुझे लगता है कि जब से वह नंबर पांच पर आया है, तब से वह बेहद लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 134 रनों की शानदार पारी खेली और कप्तान शुभमन गिल के साथ 209 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी में भी शामिल रहे, जिन्होंने टेस्ट कप्तानी की अपनी पहली पारी में 147 रन बनाए, जो इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर भी है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने पंत की मौजूदगी और मैच की किसी भी स्थिति पर उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला। उदाहरण के लिए, यदि आप तीस रन पर तीन विकेट खो चुके हैं, तो आप किसी और को भेजने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। लेकिन उसके साथ, वह इतना आक्रामक है कि वह खेल का रुख बदल सकता है। और फिर, आप जानते हैं, दूसरों के लिए इसका अधिकतम लाभ उठाना। इसे देखने का दूसरा तरीका यह है कि क्या उसे आज जैसा मंच मिला है।

## पंत ने टेस्ट मैच में शतक बनाने का रिकॉर्ड तोड़ा



**लीड्स।** इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में अपना सातवां टेस्ट शतक लगाने वाले विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि उन्होंने शुरू में तीन जश्न मनाने के तरीकों पर विचार किया था, लेकिन आखिरकार उन्होंने एक जाना-पहचाना तरीका चुना - फ्रंट हैंडस्प्रिंग। पंत ने आश्चर्यजनक 134 रन बनाए और अब भारत के लिए विकेटकीपर के रूप में सबसे अधिक टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है, उन्होंने दिग्गज एमएस धोनी के छह शतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। यह पंत का इंग्लैंड में तीसरा टेस्ट शतक भी था - जो एक बड़ी उपलब्धि है, देश में किसी भी अन्य मेहमान विकेटकीपर के नाम एक से अधिक टेस्ट शतक नहीं है। पंत ने तीसरे दिन के खेल से पहले भारत के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के साथ बातचीत में कहा कि मेरे दिमाग में तीन जश्न थे - आंख पर ओके का संकेत (जो फुटबॉलर डेले एली करते हैं), दूसरा 'बल्लेबाज को बोलने दें'।

## जसप्रीत बुमराह भारत के सर्वकालिक महानतम तेज गेंदबाज हैं : रवि शास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत के पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया है। भारत-इंग्लैंड के बीच लीड्स में टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला जारी है है। मैच के दूसरे दिन बुमराह ने 12 ओवरों में 48 रन देकर तीन शिकार किए, जबकि भारतीय गेंदबाजी लाइन-अप के शेष खिलाड़ी उनका साथ देने में नाकाम रहे। रवि शास्त्री ने 'स्काई स्पोर्ट्स' के साथ बातचीत में कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि वह भारत के सबसे महान तेज गेंदबाज हैं। मैंने कपिल देव के साथ खेला है, लेकिन यह खिलाड़ी अलग है। वह किसी भी सर्फेस पर, किसी भी फॉर्मेट में किसी भी विपक्षी टीम को ध्वस्त कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता था कि मैल्कम मार्शल सबसे बेहतरीन गेंदबाज थे, जो बल्लेबाज को पढ़कर उसे सेट करते थे, लेकिन बुमराह उनसे ज्यादा पीछे नहीं हैं। जहां मैंने बुमराह को बेहतर होते देखा है, वह है नई गेंद से स्विंग हासिल करना। जब वह नई गेंद से स्विंग कराने लगते हैं, तो दुनिया का कोई भी बल्लेबाज उन्हें आसानी से नहीं खेल सकता।

# भारत बनाम इंग्लैंड: सचिन तेंदुलकर से आगे निकले जो रूट

### रूट भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट एक 'अनूठे रिकॉर्ड' के मामले में सचिन तेंदुलकर से आगे निकल चुके हैं। रूट भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट इतिहास में इंग्लैंड की सरजमीं पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जो रूट ने भारत के खिलाफ इंग्लैंड में कुल 16 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 26 पारियों में उन्होंने 72.81 की औसत के साथ 1602 रन जड़े। जो रूट ने इंग्लैंड की सरजमीं पर भारत के विरुद्ध अपना पहला टेस्ट जुलाई 2014 में खेला था। पहली ही पारी में उन्होंने नाबाद



154 रन जड़े थे। भारत के खिलाफ अपने ही देश में रूट सात टेस्ट शतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड की सरजमीं पर भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के दौरान सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों के मामले में जो रूट सचिन तेंदुलकर को पछाड़कर नंबर-1 बन चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ उसी की सरजमीं पर 17 टेस्ट की 30 पारियों में 54.31 की औसत के साथ 1575 रन जड़े थे।

■ भारत के खिलाफ अपने ही देश में रूट सात टेस्ट शतक लगा चुके हैं

इस लिस्ट में राहुल द्रविड़ तीसरे स्थान पर हैं। द्रविड़ ने भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के दौरान इंग्लैंड में कुल 1376 रन जड़े, जबकि एलेस्टेयर कुक 1196 रन बनाकर चौथे स्थान पर मौजूद हैं। लिस्ट में पांचवें नंबर पर सुनील गावस्कर का नाम है, जिन्होंने 1152 रन जड़े हैं। हेडिंग्ले में खेले जा रहे (इस सीरीज का) पहले टेस्ट मैच की बात करें, तो पहली पारी में टीम इंडिया 471 रन पर सिमट गई।

## बेन डकेट ने पोप के नाबाद शतक की सराहना की

**लीड्स।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट के दूसरे दिन ओली पोप के नाबाद शतक की सराहना की। उन्होंने स्वीकार किया कि दबाव में ओली को शतक बनाते देख उनके रोंगटे खड़े हो गए थे। पोप भारत के खिलाफ सीरीज में दबाव में आए थे, भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब रिकॉर्ड के बाद तीसरे नंबर पर उनके स्थान को लेकर संदेह था और जिम्बाब्वे के खिलाफ 171 रन की पारी से भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। कई लोग तो यह भी सुझाव दे रहे थे कि जैकब बेथेल को उनकी जगह लेनी चाहिए, खासकर इस सर्दी में होने वाली एशेज को देखते हुए। पोप ने अपना नौवां टेस्ट शतक मनाया, उन्होंने जसप्रीत बुमराह की इन-सीमर को लेग साइड की ओर इनसाइड एज करके 125 गेंदों में 13 चौकों की मदद से 100 रन बनाए, जबकि इंग्लैंड एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के पहले टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप्स तक 49 ओवर में 209/3 पर पहुंचकर भारत से 262 रन पीछे है। डकेट ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा कि मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। आप एक रन पर आउट हो जाते हैं और वह आकर सारा दबाव अपने ऊपर ले लेता है और तेजी से रन बनाता है।

# भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने डेविड लॉरेंस को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधी

**लीड्स।** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के तीसरे दिन पूर्व इंग्लिश तेज गेंदबाज डेविड लॉरेंस को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधी, जिनका शनिवार को निधन हो गया था। रविवार को तीसरे दिन खेल शुरू होने से पहले दोनों टीमों और दर्शकों ने लॉरेंस को श्रद्धांजलि दी। बीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, दोनों टीमें इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड 'सिड' लॉरेंस को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांध रही हैं, जिनका दुखद निधन हो गया है। मोटर न्यूरॉन डिजीज (एमएनडी) से जूझने के बाद लॉरेंस का 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लॉरेंस परिवार की ओर से ग्लूस्टरशायर द्वारा साझा किए गए एक बयान में कहा गया, हमें बहुत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि डेव लॉरेंस एमबीई का निधन मोटर न्यूरॉन बीमारी से



उनकी बहादुरी भरी लड़ाई के बाद हुआ है। 'सिड क्रिकेट के मैदान पर और उसके बाहर एक प्रेरणादायक व्यक्ति थे और उनके परिवार के लिए तो यह और भी प्रेरणादायक था, जो उनके निधन के समय उनके साथ थे। 1988 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद, लॉरेंस ने 1988 और 1992 के बीच पाँच टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 18 विकेट लिए, जिसमें 1991 में द ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ़ एक प्रसिद्ध पांच विकेट हॉल शामिल था - उसी पारी में उन्होंने महान विव रिचर्ड्स को आउट किया था।

■ मोटर न्यूरॉन डिजीज से जूझने के बाद लॉरेंस का 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

1992 में वेलिंगटन, न्यूज़ीलैंड में एक टेस्ट मैच के दौरान घुटने में लगी एक भयानक चोट के कारण उनका अंतरराष्ट्रीय करियर दुखद रूप से समाप्त हो गया। 2023 में, उन्हें मोटर न्यूरॉन बीमारी का पता चला, जो एक जीवन को छोटा करने वाला न्यूरोलॉजिकल विकार है, जो मांसपेशियों की कमजोरी का कारण बनता है जो कुछ महीनों या वर्षों में खराब हो जाता है।

28 जनवरी, 1964 को जन्मे लॉरेंस ने 1981 में ग्लूस्टरशायर के लिए मात्र 17 वर्ष की आयु में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने ग्लूस्टरशायर के लिए 170 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें 31.27 की औसत से 477 विकेट लिए, जिसमें वारविकशायर के खिलाफ 47 रन देकर 7 विकेट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है। 16 साल के करियर में, वे अपनी निडर तेज गेंदबाजी के लिए क्लब आइकन बन गए। वनडे क्रिकेट में, उन्होंने 110 मैचों में 148 विकेट लिए, जिसमें 1991 में संयुक्त विश्वविद्यालय एकादश के खिलाफ 20 रन देकर 6 विकेट शामिल हैं - जो ग्लूस्टरशायर के 50 ओवर के इतिहास में तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# मांजरेकर ने बुमराह की तुलना रिचर्ड हेडली से की

**लीड्स,** 22 जून (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने जसप्रीत बुमराह की हर बार आक्रमण पर आने पर विकेट चटकाने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की और भारतीय तेज गेंदबाज की तुलना न्यूजीलैंड के महान गेंदबाज रिचर्ड हेडली से की, जो 400 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। शुभमन गिल के करियर के सर्वश्रेष्ठ 147 और ऋषभ पंत के आश्चर्यजनक 134 रन (इस प्रारूप में उनका सातवां शतक) के बाद जब भारत 113 ओवर में 471 रन पर आउट हो गया, तो इंग्लैंड को खतरनाक बुमराह से निपटना पड़ा, जिन्होंने 3-45 विकेट लिए। लेकिन ओली पोप और बेन डकेट ने दूसरे विकेट के लिए 122 रन जोड़कर इंग्लैंड की पारी को कुछ हद तक सामान्य बना दिया और मेजबान टीम ने दिन का खेल 209/3 पर समाप्त किया, जो भारत से 262 रन पीछे था। हमने अब तक मैच में चार शतक देखे हैं-तीन भारत से और एक इंग्लैंड से - लेकिन कौन सा गेंदबाज वास्तव में खास रहा है? मेरे लिए, यह सिर्फ बुमराह है। फिर भी, हर बार जब



वह आक्रमण पर आता है तो विकेट लेने की उसकी क्षमता ही सबसे अलग है। एक गेंदबाज जो दिमाग में आता है, जो अकेले ही इस तरह का प्रभाव डालता है, वह है सर रिचर्ड हैडली। वह अपेक्षाकृत कमजोर आक्रमण वाली न्यूजीलैंड टीम के लिए खेला, लेकिन हर बार जब वह आया, तो आपको लगा कि विकेट नजदीक है। दोनों के बीच आम बात महारत है - जब मैंने हैडली को करीब से देखा, तो मुझे लगा कि वह अपने काम का सच्चा मास्टर है। मांजरेकर ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि मुझे बुमराह के साथ भी यही लगता है। जबकि डकेट 62 रन पर आउट हो गए, पोप ने अपनी सामान्य नर्वस शुरुआत से उबरते हुए 13 चौकों की मदद से अपना नौवां टेस्ट शतक बनाया।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम आज मंगोलिया से भिड़ेगी

**चियांग माई (थाईलैंड),** 22 जून (एजेंसियां)। भारतीय सीनियर महिला टीम सोमवार को ग्रुप बी मुकाबले में मंगोलिया की टीम के खिलाफ एएफसी एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

चियांग माई स्टेडियम की 700वीं वर्षगांठ पर 70वीं रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम 126 रैंकिंग पर काबिज मंगोलिया की टीम से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में भारतीय फुटबॉल की टीम का कार्यक्रम इस प्रकार है। भारतीय टीम 23 जून को मंगोलिया, 29 जून को तिमोर लेस्ते, दो जुलाई को इराक और पांच जुलाई को मेजबान थाईलैंड से मुकाबला करेगी। भारतीय टीम के सभी मुकाबले चियांग माई स्टेडियम खेलें जायेंगे। केवल ग्रुप विजेता ही मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे।

एएफसी महिला एशियाई कप 2026 फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय टीम इस प्रकार है।

## कनाडा ने हासिल किया टी-20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफिकेशन

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप-2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अमेरिका क्वालीफायर में कनाडा ने बहामास के खिलाफ जीत हासिल करके टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की है, जो मौजूदा अभियान में उनकी लगातार पांचवीं जीत है। आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप अमेरिका रीजन फाइनल-2025 में 21 जून को कनाडा और बहामास के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें कनाडा ने सात विकेट से जीत दर्ज की। किंग सिटी में खेले गए इस मैच में बहामास की टीम महज 57 रन पर सिमट गई थी, जिसके बाद कनाडा ने महज 5.3 ओवरों में सात विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली। कनाडा ने अब तक अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं। टीम प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर है। 18 जून को एक अन्य मुकाबले में भी कनाडा की टीम बहामास के खिलाफ डकवर्थ लुईस नियम के तहत 10 विकेट से जीत दर्ज कर चुकी थी। इसके अलावा उसने बरमूडा को 110 रन, केमैन आइलैंड पर 59 रन से जीत दर्ज की थी। एक अन्य मुकाबले में कनाडा ने केमैन आइलैंड के खिलाफ 42 रन से मैच जीता था।



■ कनाडा ने अब तक अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं

यह दूसरी बार होगा, जब कनाडा, भारत में किसी विश्व कप में हिस्सा लेगा। इससे पहले वनडे विश्व कप-2011 में भी यह देश भाग ले चुका है, जो भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। कनाडा 20 टीमों के आयोजन के लिए पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी 10 टीमों की लिस्ट में शामिल हो गया है। इसमें सह-मेजबान भारत और श्रीलंका भी हैं। अन्य योग्य टीमों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान शामिल हैं। टी20 विश्व कप-2026 के लिए अभी 7 अन्य टीमों का चयन होना है, जिन्हें अगले कुछ महीनों में अलग-अलग क्वालीफायर टूर्नामेंट्स के जरिए जगह बनाने का मौका मिलेगा।

## साइकिल का एक पैडल भी भारत को फिटनेस का पावरहाउस बना रहा है : मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि साइकिल का एक पैडल भी भारत को फिटनेस का पावरहाउस बना रहा है। डॉ. मांडविया ने आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस रविवार की साइकिलिंग और भी खास है। देश भर में छह हजार से अधिक स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए और 10 लाख से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक लोगों ने इसमें भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत फिट इंडिया एक आंदोलन बन गया है। जब हम साइकिल में एक पैडल भी आगे बढ़ाते हैं, तो हम भारत को फिटनेस पावरहाउस बना रहे होते हैं। कल के योग से लेकर आज साइकिलिंग और कल के ओलंपिक दिवस तक यह फिटनेस क्रांति हर भारतीय को जोड़ रही है। कार्यक्रम में अभिनेत्री और हाल ही में फिट इंडिया की एंबेसडर बनीं मिया मेलजर, ओलंपियन रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी, पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल, ताइक्वांडो चैंपियन रोडाली बरुआ और भारतीय अभिनेत्री मधुरिमा तुली शामिल हुई।



■ योग से लेकर साइकिलिंग और ओलंपिक दिवस तक यह फिटनेस क्रांति हर भारतीय को जोड़ रही

## सार संक्षेप

### एमएलसी 2025: मिशेल ओवेन का अर्द्धशतक

**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 11वें मैच में वाशिंगटन फ्रीडम ने एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ 2 विकेट से जीत हासिल की। इसी के साथ फ्रीडम ने सीजन में अपनी तीसरी जीत दर्ज की है, जिसके साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, तीसरी हार के साथ एमआई न्यूयॉर्क चौथे पायदान पर है। डलास में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट खोकर 188 रन बनाए। टीम को क्विंटन डी कॉक और मोनांक पटेल ने शानदार शुरुआत दिलाई। इस सलामी जोड़ी के बीच 6.1 ओवरों में 70 रन की साझेदारी हुई। मोनांक ने 20 गेंदों में 32 रन जड़े। इस दौरान उन्होंने पांच चौके लगाए। इसके बाद क्विंटन डी कॉक ने कप्तान निकोलस पूरन के साथ दूसरे विकेट के लिए 44 रन जोड़े। क्विंटन डी कॉक इस पारी में अर्धशतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज रहे। उन्होंने 34 गेंदों में 2 छक्कों और सात चौकों की मदद से 55 रन की पारी खेली। निकोलस पूरन 30 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने 24 गेंदों में तूफानी 42 रन बनाए।

### मामेलोडी सनडाउन्स को हराकर डॉर्टमुंड ग्रुप एफ में शीर्ष पर

**सिनसिनाटी।** बोरूसिया डॉर्टमुंड फीफा क्लब विश्वकप में रोमांचक मुकाबले में मामेलोडी सनडाउन्स को हराकर ग्रुप 'एफ' में शीर्ष पर पहुंच गया है। टीक्यूएल स्टेडियम में शनिवार रात खेले गये ग्रुप एफ के मुकाबले में डॉर्टमुंड ने मामेलोडी सनडाउन्स पर 4-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में सनडाउन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11वें मिनट गोल किया। इसके पांच मिनट बाद डॉर्टमंड के फेलिक्स नेमेचा ने सनडाउन्स के गोलकीपर रॉनवेन विलियम्स की गलती का फायदा उठाते हुए गोलकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद डॉर्टमंड की ओर से 34वें मिनट में जूलियन ब्रांट के सटीक क्रॉस से सेरहो गुइरासी ने एक क्लोज-रेंज हेडर लगाकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। जॉब बेलिंगहैम ने हाफटाइम से ठीक पहले अपना पहला गोल किया। 59वें मिनट में खुलिसो मुडाऊ ने गोलकर डॉर्टमंड की बढ़त को 4-1 कर दिया।

### अलकाराज और लेहेका के बीच होगा फाइनल मुकाबला

**लंदन।** स्पेन के स्टार कार्लोस अलकाराज और चेक गणराज्य के जिरी लेहेका के बीच एटीपी 500 क्वींस क्लब चैंपियनशिप में पुरुष एकल फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। अलकाराज शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में हमवतन रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में 23 वर्षीय जिरी लेहेक्का ने दूसरे सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जैक ड्रेपर को हराया। घरेलू प्रशंसकों को उम्मीद थी कि अल्काराज और जैक ड्रेपर के बीच फाइनल मुकाबला होगा, लेकिन लेहेक्का ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे वरीय खिलाड़ी को 6-4, 4-6, 7-5 से हराकर नई पटकथा लिख दी।

# भारतीय जूनियर पुरुष टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 3-1 से जीत दर्ज की

4 राष्ट्र हॉकी टूर्नामेंट

**बर्लिन,** 22 जून (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बर्लिन के टीसी 1899 ब्लाउ वीस स्टेडियम में 4 राष्ट्र टूर्नामेंट में अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 3-1 से जीत दर्ज की।

भारत के लिए शारदानंद तिवारी (15%), सौरभ आनंद कुशवाहा (36%) और आमिर अली (43%) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र गोल ओलिवर विल (55%) ने किया। भारत ने मैच की शुरुआत दमदार तरीके से की और 15वें मिनट में शारदानंद तिवारी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। पहले हाफ के बाकी समय में दोनों टीमों ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन कोई भी टीम फिर से गतिरोध को नहीं तोड़ पाई और भारत मामूली बढ़त के साथ दूसरे हाफ में पहुंच गया।



■ भारत, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन - पूल चरण में एक-एक बार आमने-सामने होंगी

भारत ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल करके अपनी लय बनाए रखी। 36वें मिनट में सौरभ आनंद कुशवाहा ने ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर को छकाते हुए महत्वपूर्ण फील्ड गोल करके भारत की बढ़त को और मजबूत किया। कुछ ही क्षणों बाद, 43वें मिनट में, आमिर अली ने विजयी टीम के लिए एक और फील्ड गोल करके भारत को जीत के और करीब पहुंचा दिया।मैच के अंतिम क्वार्टर में, ऑस्ट्रेलिया ने भी पांच मिनट शेष रहते ओलिवर विल के फील्ड गोल की बदौलत गोल करने में सफलता पाई, लेकिन वे दो और गोल नहीं कर पाए और भारत ने मुकाबला जीत लिया। टूर्नामेंट में राउंड-रॉबिन प्रारूप है, जिसमें भाग लेने वाली चार टीमें - भारत, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन - पूल चरण में एक-एक बार आमने-सामने होंगी। ग्रुप मैचों के अंत में शीर्ष दो टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि शेष टीमें तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्लेऑफ में भाग लेंगी। भारत का अगला मुकाबला 24 जून को इसी स्थान पर स्पेन से होगा।

## एफआईएच महिला प्रो लीग : मेजबान बेल्जियम से 0-2 से हारा भारत, नौवें स्थान पर खिसका भारत

**एंटवर्प,** 22 जून (एजेंसियां)। एम्ब्रे बॉलेनघिएन (40%) और लिएन हिलवार्ट (43%) के गोलों की मदद से बेल्जियम ने रविवार को एंटवर्प में भारतीय महिला हॉकी टीम के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। इस जीत ने सुनिश्चित किया कि बेल्जियम एफआईएच महिला प्रो लीग में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर मौजूद नीदरलैंड और अर्जेंटीना के बाद तीसरे स्थान पर बना हुआ है। शनिवार की 1-5 की पराजय के बाद, भारत ने इस क्वार्टर की शुरुआत पिछले हार की निराशा को दूर करने के स्पष्ट इरादे के साथ आक्रामक खेल दिखाते हुए की। उन्होंने अच्छी गति से जगह बनाने की कोशिश की। उन्होंने क्वार्टर की शुरुआत में एक पासो भी जीता, लेकिन गोल नहीं कर पाए। इस बीच, पहले हूटर के लिए छह मिनट बचे थे, एक रक्षात्मक त्रुटि ने बेल्जियम को मैच का पहला पीसी दिलाया। मेजबान टीम के धीमे प्रयास के कारण अंपायर ने पेनल्टी स्ट्रोक दिया। लेकिन भारत द्वारा एक अच्छे वीडियो रेफरल से पता चला कि यह ज्योति की स्टिक थी, और वीडियो अंपायर ने इसे लॉन्ग कॉर्नर करार दिया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय हमलावरों ने कुछ बहादुरी से बढ़त हासिल की, जो तेजी और जोश के साथ आगे बढ़े।



सूक्ष्म, लघु और मध्यम क्षेत्र में नए युग की होगी शुरुआत

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 27 को रतलाम में होगी क्षेत्रीय उद्योग और रोजगार समिट



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 27 जून को रतलाम में क्षेत्रीय उद्योग एवं रोजगार समिट का आयोजन होगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में नए युग की शुरुआत होगी। यह आयोजन प्रदेश में उद्यमिता, रोजगार और नवाचार की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर 350 करोड़ रूपये से अधिक लागत की 35 से अधिक औद्योगिक अधोसंरचना परियोजनाओं, क्लस्टरों और विभागीय भवनों का भूमि-पूजन और लोकार्पण करेंगे। साथ ही 1500 करोड़ रूपये से अधिक निवेश की 50 नई औद्योगिक इकाइयों की आधारशिला भी रखी जाएगी। प्रदेश में युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 500 उद्यमियों को आशय पत्र और भूमि आवंटन प्रदान किया जाएगा। साथ ही 500 आकांक्षी युवाओं को रोजगार के ऑफर लेटर सौंपे जाएंगे। लोकमाता देवी अहिल्याबाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 100 से अधिक लाभार्थियों को अनुदान राशि वितरित की जाएगी।

कार्यक्रम में ओएनडीसी, एनपीसीआई और वालमार्ट जैसी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे जिससे प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों को निर्यात, डिजिटल भुगतान और नए बाजारों तक पहुंच की दिशा में शानदार अवसर मिलेंगे। कॉन्क्लेव में 97.73 हेक्टेयर के 596 भूखंडों पर 89.91 करोड़ रूपये से विकसित होने वाले 8 औद्योगिक परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया जाएगा। साथ ही 231.534 हेक्टेयर के 795 भूखंडों पर 152.21 करोड़ रूपये से विकसित होने वाले 8 औद्योगिक क्षेत्रों का लोकार्पण किया जायेगा। इसके अलावा, निजी और विभागीय भूमि पर विकसित 15 क्लस्टरों का भी भूमि पूजन होगा, जिनकी संयुक्त विकास लागत लगभग 105 करोड़ रूपये है।

### निवेश और रोजगार को मिलेगा बल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कान्क्लेव में 32 मध्यम श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण करेंगे। जिनमें कुल 858.74 करोड़ रूपये का पूंजी निवेश प्रस्तावित है जिससे 2000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

### विभागीय भवनों का भी होगा लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रतलाम कॉन्क्लेव में निवाड़ी, आगर मालवा और रायसेन जिलों में 4.22 करोड़ रु. की लागत से बनने वाले नवीन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र भवनों का लोकार्पण करेंगे।

### प्रदेश की क्षमताओं को दर्शाएगी प्रदर्शनी

कार्यक्रम स्थल पर 100 से अधिक एमएसएमई इकाइयों, स्टार्ट-अप्स और स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादों और नवाचारों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी प्रदेश की विविधतापूर्ण उद्यमिता को सामने लाने का एक प्रभावी मंच बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में यह आयोजन न केवल रतलाम, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश की औद्योगिक दिशा को एक नई पहचान और ऊर्जा देने जा रहा है।

आजीविका मिशन में भ्रष्टाचार का मामला

## पूर्व मुख्य सचिव और उनके करीबी के खिलाफ लोकायुक्त ने शुरू की जांच

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और उनके करीबी सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी आजीविका मिशन के पूर्व सीईओ ललित मोहन बेलवाल के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पूर्व विधायक पारस सखलेचा ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में वर्ष 2018-19 से 2021-22 के बीच टेक होम राशन कथित भ्रष्टाचार होने के बाद वर्ष 2023 में लोकायुक्त संगठन में शिकायत की थी।

इस शिकायत में पोषण आहार योजना और ग्रामीण आजीविका मिशन में कथित तौर पर 500 करोड़ का भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत की थी। जब टेक होम राशन घोटाला हुआ, तब बैंस पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव थे और टेक होम राशन उनके विभाग के अधीन ही आता है।

सखलेचा ने आरोप लगाया कि इकबाल सिंह बैंस ने पंचायत विभाग के अपने कार्यकाल में 2017 में अपने चहेते बेलवाल को वन विभाग से प्रतिनियुक्ति पर लाकर आजीविका मिशन का सीईओ बनाया था। इसके बाद पोषण आहार बनाने वाली सातों फैक्ट्री का कार्य एग्रो इंडस्ट्री कारपोरेशन से लेकर आजीविका मिशन को दे दिया। दिसंबर 2018 में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार बनने पर सातों फैक्ट्री का कार्य एग्रो इंडस्ट्रीज कारर्पोशन को सौंपा गया। इतना ही नहीं बैंस ने मुख्य सचिव बनने के बाद बेलवाल को सेवानिवृत्ति होने पर संविदा आधार पर फिर से आजीविका मिशन का सीईओ बना दिया था। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग छह माह से तीन वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती और 11 से 14 साल तक की स्कूल नहीं जाने वाली किशोरियों में टेक होम राशन देता है।

## पटवारी ने की सागर के पीड़ित परिवार से चर्चा



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सागर जिले के रहली क्षेत्र में एक युवक की हत्या के मामले में आज फोन पर पीड़ित परिवार से चर्चा कर घटना के संबंध में जानकारी हासिल की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

प्रदेश कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि श्री पटवारी ने मोबाइल फोन के जरिए मृत युवक के पिता से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि दलित युवक को जुगराज और उसके साथियों ने बीच रास्ते में घेर लिया और धारदार हथियार से हमला करने के साथ ही उसके साथ मारपीट की गयी। इस वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

### प्रदेश को बदनाम कर रही कांग्रेस



इस बीच प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए कहा कि भाजपा की मोहन सरकार के सुशासन और कानून के राज से घबराकर कांग्रेस अब मध्यप्रदेश को बदनाम करने का षड़यंत्र चला रही है। श्री अग्रवाल ने दावा करते हुए कहा कि मोहन सरकार में अपराध और अपराधियों के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति पूरी दृढ़ता से लागू है। न पहले कोई अपराधी बचा था और न ही आगे बचेगा। उन्होंने कहा कि सागर की घटना के सिलसिले में चारों मुख्य अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में अत्याचार होते थे, लेकिन अब सरकार कार्रवाई करती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**मध्य पूर्व में बिगड़ते हालात....** सुबह करीब 10 बजे चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरा। विमान में सवार सभी 262 लोग सुरक्षित हैं। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यात्रियों को लाउंज और आस-पास के होटलों में ठहराने के लिए व्यवस्था की गई थी। ब्रिटिश एयरवेज ने एक बयान में विमान की वापसी की पुष्टि करते हुए कहा कि वह आगे की यात्रा के लिए मौजूद विकल्पों को तलाशा जा रहा है। एयरलाइन ने यात्री सुरक्षा को सबसे बड़ी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि वैकल्पिक मार्गों की पुष्टि होने या प्रभावित हवाई क्षेत्र के फिर से खुलने के बाद आगे की जानकारी साझा की जाएगी। रीजनल एयरस्पेस बंद होने के चलते चेन्नई से खाड़ी देशों के लिए कई फ्लाइट्स भी देरी से रवाना हुई। कुवैत, दोहा, दुबई, शारजाह और अबू धाबी जाने वाली उड़ानों में काफी देरी हुई।

कुवैत एयरवेज की एक उड़ान, जो सुबह 3.30 बजे रवाना होने वाली थी, वह सुबह 05.40 बजे रवाना हुई। इसी तरह, दोहा जाने वाली कतर एयरवेज की एक फ्लाइट और दुबई जाने वाली एमिरेट्स की एक फ्लाइट में लगभग एक घंटे की देरी हुई।

**पहलगाम हमला :** आतंकियों को.... एजेंसी ने कहा कि दोनों लोगों ने आतंकियों को भोजन, आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी, जिन्होंने 22 अप्रैल को पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर चुन-चुन कर मार डाला, जिससे यह अब तक का सबसे भीषण आतंकी हमला बन गया। एनआईए ने दोनों को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया है और हमले के बाद दर्ज मामले आरसी-02/2025/ एनआईए/ जेएमयू की आगे की जांच कर रही है। मामले की जांच का जिम्मा संभालने वाली एनआईए ने 100 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नरसंहार में शामिल हो सकते हैं।

**लालू बने रहेंगे जाद के....** इतना मजबूर कर देंगे कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमारे हर वादे, योजना, विजन और सोच की नकल करेंगे। कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। यादव ने लिखा, हम निरंतर कह रहे है कि हम राजग सरकार को इतना मजबूर कर देंगे कि नीतीश कुमार हमारे हर वादे, योजना, विजन और सोच की नकल करेंगे।

पहले नौकरी रोजगार की बात पर और अब सामाजिक सुरक्षा पेंशन के विषय पर... कुमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बारी-बारी हमारी हर बात की नकल करनी पड़ रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जो मुख्यमंत्री 20 साल से लाख अनुनय, विनय एवं आंदोलन एवं आलोचना के बावजूद पेंशन नहीं बढ़ा रहे थे उसी सामाजिक सुरक्षा पेंशन को तेजस्वी यादव ने एक बार फिर बढ़ाकर 1500 रूपये करने की अपनी घोषणा और उसके प्रचार-प्रसार से सरकार को पेंशन बढ़ाने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि 20 साल से श्री कुमार को बिहार के दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं विधवा माताओं के कल्याण की सुध लेने की जरूरत ही महसूस नहीं हुई, पर तेजस्वी ने अपने सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने की घोषणा कर मुख्यमंत्री पर ऐसा दबाव बनाया कि मजबूर होकर नीतीश सरकार को अपना अहंकार त्याग दिव्यांगजन, विधवा एवं विद्धजनों का पेंशन बढ़ाना पड़ा।

## भाजपा सरकार में पुलिस का हो रहा राजनीतिक इस्तेमाल : अखिलेश

**लखनऊ, देशबन्धु।** सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। सरकार पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। जब सरकार विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमे कराएगी, फर्जी तरीके से फंसाएगी। फर्जी वोट डलवाएगी, चुनाव जीतने के लिए गलत तरीके प्रयोग करेगी तो पुलिस सही काम नहीं करेगी। यही वजह है कि महिलाएं भाजपा से दूरियां बना रही है।

अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर महिला सुरक्षा के लिए बनाई गई 1090 सेवा को और मजबूत किया जाएगा। स्त्री समृद्धि सम्मान योजना लागू की जाएगी और समाजवादी पेंशन योजना की तरह महिलाओं को तीन हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय और प्रदेशीय संगठन के पदाधिकारियों की बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में कार्य कर रहा है। अगर कुंदरकी के उपचुनाव के डाटा की जांच हो जाएगा तो पता चल जाएगा, वोट डालने वाले पुलिस के लोग निकलेंगे।

## नगर निगम ग्वालियर में लापरवाही पर 2 उपयंत्री निलंबित

**भोपाल, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम ग्वालियर में कार्यों में लापरवाही बरतने पर 2 उपयंत्रियों को निलंबित किया गया है। यह कार्रवाई नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने पिछले दिनों प्रदेश में नगर निगम में कार्यरत उपयंत्रियों की कार्यों की समीक्षा करने और लापरवाही बरतने वाले उपयंत्रियों के खिलाफ निलंबन जैसी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश नगर निगम आयुक्तों को दिये थे।

नगर निगम ग्वालियर में पदस्थ उपयंत्री आशीष राजपूत को अपने क्षेत्र में निर्माण कार्यों की उचित निगरानी न करने और कर्त्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर निलंबित किया गया है। एक अन्य उपयंत्री राजीव पाण्डेय को जल प्रदाय और सीवर संधारण कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है। राजीव पाण्डेय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से प्रतिनियुक्ति पर नगर निगम ग्वालियर में पदस्थ थे।






पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।